ज्ञानामृत

दूसरों को दण्ड देना सहज है, किन्तु उन्हें क्षमा करना और उनकी भूल सुधारना अत्यधिक कठिन कार्य है।

भगवान महावीर स्वामी

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | शहडोल, बुधवार, 09 जुलाई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 195 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### रायपुर जा रही इंडिगो फ्लाइट की इंदौर में कराई इमरजेंसी

**विजय मत, इंदौर/रायपुर।** इंदौर से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट (सिक्स-ई-7295, एटीआर) को मंगलवार सुबह तकनीकी खराबी के बाद देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे पर इमरजेंसी



लैंडिंग करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि सुबह 6:30 बजे उड़ान भरने के लगभग आधे घंटे बाद विमान में फॉल्स अलार्म के संकेत मिलने लगे। इसके बाद पायलट ने एहतियातन फ्लाइट को वापस इंदौर लाने का फैसला किया। सुबह करीब 7:15 बजे विमान सुरक्षित रूप से इंदौर एयरपोर्ट पर उतर गया। इस दौरान विमान में सवार यात्री घबराए हुए थे, हालांकि सभी यात्री सुरक्षित हैं। तकनीकी जांच के बाद इस उड़ान को रद्द कर दिया गया और यात्रियों को टिकट का पैसा वापस लेने या बुकिंग रीशेड्यूल करने के विकल्प दिए गए हैं।

### संजोग गुप्ता बने आईसीसी के नए सीईओ, आलार्डिस की लेंगे जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईओसी यानी इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने संजोग गुप्ता को सीईओ नियुक्त किया है। वो जियोफ आलार्डिस की जगह लेंगे। इस मौके पर आईसीसी



चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि संजोग गुप्ता को आईओसी का सीईओ बनाया गया है। संजोग स्पोर्ट्स स्ट्रैटेजी और कमर्शियलाइजेशन का अच्छा एक्सपीरियंस लाते हैं जो आईसीसी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।' संजोग 7 जुलाई से अपना कार्यभार संभाल चुके हैं। वो आईसीसी के सातवें सीईओ हैं और मनु साहनी के बाद यह पद संभालने वाले दूसरे भारतीय हैं। इस पद के लिए 25 देशों से 2,500 से ज्यादा कैंडिडेट्स ने अप्लाई किया था। आईसीसी की एचआर और रेम्यूनरेशन कमेटी ने इनमें से 12 कैंडिडेट्स को शॉर्टलिस्ट किया।

### हरे निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** बैंकिंग और चुनिंदा आईटी शेयरों में हुई खरीदारी के साथ-साथ एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख से मंगलवार को बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 270 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स



270.01अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 491.36 अंकों की तेजी के साथ 83,812.31 का उच्चतम और 83,320.95 का न्यूनतम स्तर छुआ। इसमें 18 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 25,522.50 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार में अधिकांश समय सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन बंद होने से पहले के सत्र में खरीदारी का दौर शुरू हो गया।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटनाः जांच दल ने सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने मंगलवार को अहमदाबाद में 12 जून 2025 को हुई एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 की दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को सौंप



दी। हिंदुस्तान टाइम्स ने इस बात को रिपोर्ट किया है। यह दुर्घटना, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई, भारत में पिछले तीन दशकों की सबसे घातक विमान दुर्घटना थी। लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाली बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ान के 32 सेकंड बाद ही अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 2 किलोमीटर दूर बी.जे. मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के हॉस्टल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति, 40 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक विश्वास रमेश, जीवित बचे।

राजधानी में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन ने रखे विचार, बोले-

# हुकुमचंद मिल के समान ग्वालियर-रतलाम के मिल मजदूरों को भी मिलेगा उनका हक

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए स्व-रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। सरकार लाड़ली बहना की राशि बढ़ा रही है। टेक्सटाइल पार्क में काम करने वाली लाड़ली बहनों को 5000 रुपए अलग से दिलाएंगे। लाड़ली बहना योजना की राशि क्रमबद्ध रूप से बढ़ाकर 3000 रुपए की जाएगी। एमपीपीएससी की तीन साल की परीक्षा एक साथ कराने का आदेश दिया गया है। युवाओं का कोई अहित नहीं होने देंगे। एक लाख शासकीय पदों पर भर्तियां हो रही हैं। प्रदेश सरकार ने नौ साल से अटकी पदोन्नति का रास्ता



साफ किया है। इससे 2 लाख नए पदों के लिए भर्ती की संभावना बनेगी। आजादी के बाद लम्बे समय तक गेहूँ का मूल्य 600 रुपए था, अब सरकार किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीद रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के फलस्वरूप प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने इंदौर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों को 300 करोड़ रुपए दिलवाये, जिससे 30 साल पुराना विवाद खत्म हुआ। रतलाम की सज्जन मिल और ग्वालियर की मिल के लिए भी इसी तरह के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक मीडिया समूह द्वारा भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित एमपी तक बैठक संवाद कार्यक्रम में यह बात कही।

### हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के 5 स्मारक बनवाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंबेडकर जी ने जातियों के विवाद खत्म करके देश को एकजुट करने का कार्य किया। हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 5 स्मारक बनवाए। अब जाति जनगणना शुरू होगी, तो कई प्रकार के भ्रम दूर हो जाएंगे। जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर आरक्षण तय करेंगे। राज्य सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कटिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रियों से की भेंट

## उज्जैन में शीघ्र प्रारंभ होगा आकाशवाणी केंद्रः मोहन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में आकाशवाणी केंद्र प्रारंभ किए जाने की सैद्धांतिक सहमति हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरूगन से भेंट में सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत उज्जैन में शीघ्र आकाशवाणी केंद्र प्रारंभ करवाने का अनुरोध किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. मुरूगन ने इसकी सहमति एवं आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करवाने के लिए आश्वस्त किया। आकाशवाणी स्टूडियो का निर्माण होने तक उज्जैन केंद्र के प्रसारण की व्यवस्था आकाशवाणी केन्द्र इंदौर के माध्यम से किए जाने के प्रयास भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में मंत्रीगण से भेंट के बाद मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि भारत सरकार के उपक्रम बंगलौर के बीईएमएल लिमिटेड के अत्याधुनिक रेल कोच विनिर्माण संयंत्र का शिलान्यास प्रदेश के रायसेन जिले में शीघ्र किया जाएगा। इसके लिए लगभग 1800 करोड़ रूपए का निवेश किया जा रहा है। संयंत्र में मध्यप्रदेश सरकार, रेल मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की भागीदारी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से इस संयंत्र के शिलान्यास का अनुरोध किया गया है।

## विपक्ष के लगाए आरोपों पर चुनाव आयोग की दो टूक, कहा- यह पूरी तरह समावेशी प्रक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बिहार की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग पर तगड़ा हमला बोला है। इस बीच चुनाव अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह समावेशी है। इसमें सक कुछ समाहित किया गया है। इसे लेकर लगाए जा रहे सभी आरोप बेबुनियाद और बेतुके हैं। दरअसल, विपक्ष ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग पर हमला तेज कर दिया है। उनका कहना है कि इससे करोड़ों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी सोमवार को बिहार में मतदाता सूची संसोधन या गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। विपक्षी दलों कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, जेएमएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के नेताओं ने मामले में मिलकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कई अन्य याचिकाएं




### गणना फॉर्म 7.69 करोड़ या 97.42 प्रतिशत मतदाताओं को बांटे गए

शीर्ष अदालत में सुनवाई से पहले चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि पुनरीक्षण प्रर्ि या सभी को शामिल करने वाली है। यह बिहार के मौजूदा 7,89,69,844 मतदाताओं तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता का नाम, पता, पुरानी फोटो आदि विवरण के साथ पहले से भरे हुए गणना फॉर्म हर मौजूदा मतदाता को उपलब्ध कराए गए हैं। पहले से भरे हुए गणना फॉर्म 7.69 करोड़ या 97.42 प्रतिशत मतदाताओं को बांटे गए हैं। बूथ स्तर के अधिकारी भरे हुए गणना फॉर्म एकत्र करने के लिए हर घर में कम से कम तीन बार जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति छूट न जाए।

देश में अब तक 254एमएम बारिश, 15 प्रतिशत ज्यादा

# अनूपपुर में कार बही, चार की गई जान

**विजय मत, नई दिल्ली/भोपाल**

देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई। इसमें पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई।



हिमाचल प्रदेश में बीते 6 दिन में तेज बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लापता हैं। हालांकि, अब मौसम सामान्य हो गया है। वहीं, उत्तराखंड के पीपलकोटी में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया है।

### दमोह में भारी बारिश, नाले उफान पर

दमोह के जबेरा में घुटकुआ नाला उफान पर है, जिससे कई गांव का संपर्क टूट गया है। लेकिन स्कूली बच्चे इस उफनते नाले को पार कर स्कूल आ-जा रहे हैं। वहीं कुछ बच्चे यहां पानी में मस्ती करते नजर आए। दमोह में भारी बारिश से बटियागढ़-छतरपुर मार्ग पर जूड़ी नदी का पुल डूब गया है। दमोह-कटनी मार्ग पर पटेरा के पास ब्यारमा नदी का पुल डूबने से यातायात रुक गया है।

### ग्रेटर नोएडा में 4 मंजिला मकान ढहा

ग्रेटर नोएडा के दादरी में रेलवे रोड पर एक निर्माणाधीन 4 मंजिला मकान ढह गया। मकान वीर सिंह का था। बारिश के कारण मकान का निर्माण काम पहले से ही रुका हुआ था। रविवार को हुई तेज बारिश से मकान की नींव में पानी भर गया।

### बैतूल में सतपुड़ा डैम के 7 गेट खोले गए

मध्यप्रदेश में लगातार तेज बारिश की वजह से नर्मदा समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं।

## मैग्नेट संकट से जूझ रही कंपोनेंट इंडस्ट्री एसीएमए ने की रणनीति बनाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीन के रेयर अर्थ मैग्नेट निर्यात प्रतिबंधों के कारण भारत में इसका संकट गहराता जा रहा है। रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी से ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री पर उत्पादन बंद करने का संकट छा गया है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रद्धा सूरी मारवाह ने इस संकट को गंभीर बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने केंद्र सरकार से क्रिटिकल मटेरियल्स को लेकर एक राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने की अपील की है। चीन ने 4 अप्रैल 2025 से रेयर अर्थ मिनरल और



मैग्नेट्स के निर्यात पर विशेष लाइसेंस की अनिवार्यता लागू कर दी है। चीन विश्व में 90त्न से अधिक मैग्नेट प्रोसेसिंग क्षमता रखता है। अप्रैल के बाद से भारत को एक भी रेयर अर्थ मैग्नेट का आयात नहीं मिला है। श्रद्धा सूरी ने बताया कि इंडस्ट्री ने समाधान की दिशा में काम शुरू कर दिया है। भारत के पास इन मैग्नेट्स के भंडार मौजूद हैं, लेकिन प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी की जरूरत है। सरकार और इंडस्ट्री दोनों इस दिशा में एकमत हैं। वह कहती हैं, यह संकट हमारे लिए एक वेक-अप कॉल है। अगर अब भी नहीं चेते, तो भविष्य में बड़ी दिक्कतें होंगी।

सीजेआई गवई बोले- बाबासाहब ने कहा था-

# न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए

**मुंबई, एजंसी**

भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने मंगलवार को कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने संविधान सर्वोपरि की बात की थी। उनका मानना था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए। यानी न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए। दरअसल, महाराष्ट्र विधानमंडल की ओर से शीर्ष न्यायिक पद पर पदोन्नत होने पर सीजेआई को सम्मानित किया गया। वे इास दौरान ही



कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई गवई ने विधानमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है। न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए।

## 70 से ज्यादा देशों के नागरिक अब बिना वीजा जा सकेंगे चीन

**शंघाई, एजेंसी।** चीन की सरकार ने अपने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 70 से ज्यादा देशों के नागरिकों को बिना वीजा चीन में एंट्री देने का एलान किया है। चीन ने अपनी वीजा नीति में अभूतपूर्व




बदलाव किया है और अब 74 देशों के नागरिक 30 दिनों तक चीन में बिना वीजा के रह सकते हैं। यह चीन के पूर्व के नियमों की तुलना में बड़ा बदलाव है। चीन की सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने, अर्थव्यवस्था को गति देने और अपनी सॉफ्ट पावर बढ़ाने के लिए लोगों को वीजा फ्री एंट्री की सुविधा दे रही है। साल 2024 में चीन में करीब दो करोड़ पर्यटक बिना वीजा दाखिल हुए। यह पूर्व की तुलना में चीन पहुंचे कुल पर्यटकों की आधे से भी ज्यादा संख्या है। बिना वीजा एंट्री पर पर्यटकों का कहना है कि इससे उन्हें वीजा के लिए आवदेन करने की तनावपूर्ण प्रक्रिया से राहत मिल जाती है।

केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने किया साफ

## वनों में आधारभूत विकास के लिए वन्यजीव मंजूरी की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने पर्यावरण मंत्रालय को पत्र लिखकर साफ किया है कि वन अधिकार कानून के तहत वन



भूमि में आधारभूत विकास जैसे स्कूल, आंगनवाड़ी और सड़कों आदि के निर्माण के लिए वन्यजीव मंजूरी लेना जरूरी नहीं है। हालांकि इस आधारभूत विकास के लिए ग्राम सभा की सिफारिश जरूरी है। 2 जुलाई को एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें पर्यावरण मंत्रालय ने वन अधिकार कानून की धारा 3(2) पर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा था, जो जंगलों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (ओटीएफडी) के फायदे के लिए स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र और सिंचाई परियोजनाओं जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए वन भूमि के रूपांतरण की अनुमति देता है। अक्टूबर 2020 में जारी एक पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा था कि एफआरए की धारा 13, कहती है कि अधिनियम की धारा 3(2) को लागू करने के लिए वन्यजीव मंजूरी की आवश्यकता होगी।

टेक इंडस्ट्री में छंटनी को लेकर बोले गिटब के सीईओ डोहमके

## एआई डेवलपर्स की जगह नहीं लेगा, स्मार्ट कंपनियां और ज्यादा रखेंगी इंजीनियर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टेक इंडस्ट्री में हालिया हायरिंग फ्रीज और छंटनियों को लेकर डोहमके ने कहा कि यह सिर्फ बाजार की तेजी से बदलती प्रकृति और अनिश्चितता का परिणाम है। उन्होंने कहा, अगर हमारी कंपनी के कर्मचारी कहते हैं कि वे एआईका उपयोग नहीं करना चाहते, तो इसका मतलब है कि हम सफलता के लिए तैयार नहीं हैं। एआई के तेजी से बढ़ते उपयोग को लेकर जहां एक ओर नौकरियों के खत्म होने का डर है, वहीं गिटब के सीईओ थॉमस डोहमके ने एक अलग ही रुख अपनाया है। उनका मानना है कि एआई डेवलपर्स की



नौकरियां नहीं छीनेगा, बल्कि यह सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री को एक नई ऊंचाई तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट कंपनियां अब इंजीनियरों की संख्या घटाएंगी नहीं, बल्कि उन्हें और ज्यादा हायर करेंगी। उन्होंने कहा, जो सबसे स्मार्ट कंपनियां हैं, वो अब और अधिक डेवलपर्स हायर करेंगी, क्योंकि अगर आप एक डेवलपर की क्षमता को 10 गुना बढ़ा सकते हैं, तो 10 डेवलपर्स 100 गुना काम कर सकते हैं। उनका कहना है कि एआई का उद्देश्य लागत में कटौती करना नहीं, बल्कि कंपनियों को बड़े विचारों को साकार करने और बड़े पैमाने पर निर्माण करने में सक्षम बनाना है।

विजय मत एंकर

मेडिकल साइंस में मिली उपलब्धि, ब्लड ग्रुप की चिंता किए बिना भी चढ़ सकेगा खून

# क्रांतिकारी खोज, जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया कृत्रिम रक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनियाभर में हर रोज दुर्घटनाओं या आपातकालीन स्थिति में जरूरी खून की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल ऐसे लाखों मरीज सिर्फ इसलिए दम तोड़ देते हैं क्योंकि वक्त पर उन्हें खून नहीं मिल पाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की साल 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के



अनुसार, हर साल दुनिया में लगभग 118.5 मिलियन यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन जरूरत के मुकाबले मात्र 87 मिलियन यूनिट रक्त एकत्र हो पाता है। जनवरी 2024 में अमेरिकन रेड क्रॉस ने चिंता जताई कि उसे आपातकालीन रक्त की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पिछले 20 वर्षों में रक्त देने वाले लोगों की संख्या सबसे कम है। इसी तरह से भारत में हर दिन लगभग 12,000 मरीज समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मर जाते हैं। देश में सालाना 15 मिलियन (1.5 करोड़) यूनिट रक्त की आवश्यकता है हालांकि ब्लड डोनेशन कैंप और अन्य माध्यमों से केवल 10 मिलियन (एक करोड़) यूनिट ही प्राप्त हो पाती है। विशेषज्ञों की टीम ने अब इस समस्या का समाधान ढूंढ लिया है। जापानी वैज्ञानिकों ने रक्त की इस कमी को दूर करने के लिए कृत्रिम रक्त यानी आर्टिफिशियल तरह का खून विकसित कर लिया है।

### ब्लड ग्रुप की चिंता नहीं, शेल्फ लाइफ भी बेहतर

रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे असली रक्त के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इतना ही नहीं सबसे खास बात ये है कि इसका उपयोग किसी भी ब्लड ग्रुप के लिए किया जा सकता है और इसे बिना रेफ्रिजरेशन के लंबे समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता है। विशेषज्ञों का मामला है कि यह आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती को दूर करने और लोगों की जान बचाने में काफी मददगार हो सकती है। खबरों के मुताबिक जापान स्थित नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम इस साल एक क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही है।



## हिंसा से पीड़ित बालिकाओ को दिलाए अस्थायी आश्रय- सदस्य बाल सरंक्षण आयोग

शहडोल। वन स्टॉप सेंटर की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग ने वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित बच्चों को प्रदाय की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हिंसा से पीड़ित महिला के बच्चों (बालक 8 की आयु तक एवं समस्त आयु वर्ग की बालिकाएं) को अस्थायी आश्रय देना सुनिश्चित करें। वन स्टॉप सेंटर में महिला को अस्थायी आश्रय, भोजन, चिकित्सा, परामर्श इत्यादि की सुविधा प्रदान की जाए तथा 24 घंटे सेंटर में पीड़ित को प्रवेश देना सुनिश्चित करें।

बैठक में सदस्य बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार ने वन स्टॉप सेंटर में प्रदाय की जा रही सेवाओं, चिकित्सकीय सहायता, महिला को एफआईआर, एनसीआर डीआईआर दर्ज करने में सहायता, मनो सामाजिक सहयोग, विधिक सहायता, आश्रय व्यवसायिक प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दीवान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग श्री अखिलेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेष मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा, अधीक्षक बालिका संप्रेक्षण ग्रह श्रीमती संजीता भगत, अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी श्रीमती कल्याणी बाजपेई, सीडब्ल्यूसी सदस्य श्री अभिषेक चौकसे, पूर्णिमा चौधरी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थें।

## डिजिटल ट्रांस्फार्मेशन की दिशा में आईटी 2.0 एप्लिकेशन 27 जुलाई से होगा प्रारंभ

शहडोल। अधीक्षक डाकघर शहडोल संभाग शहडोल ने जानकारी दी है कि डाक विभाग द्वारा एपीटी एप्लिकेशन की शुरुआत की जा रही है, जो हमारी डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को शहडोल संभाग (जिला शहडोल, उमरिया, अनुपूर) के सभी डाकघरों में 22 जुलाई 2025 से लागू किया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को बनाए रखने के लिए 21 जुलाई 2025 को नियोजित अवकाश (डाउनटाइम) निर्धारित किया गया है। 21 जुलाई को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली को सुचारू और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

# मुसीबत बना जयसिंहनगर का मुख्य मार्ग में जाम

### दुर्घटनाओं और प्रशासन की अनदेखी से परेशान जनता

**विजय मत, शहडोल।**

जिले के जनपद मुख्यालय जयसिंहनगर में बस स्टैंड से लेकर बंधा बाजार तक का मार्ग इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। यह मार्ग रीवा-शहडोल मुख्य हाईवे से जुड़ा होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन दिन-रात बना रहता है, जिससे आए दिन भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। यह जाम कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकता है, परंतु संबंधित जिम्मेदारों द्वारा इस समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है।

### हर घंटे लग रहा जाम, नहीं है वैकल्पिक मार्ग

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह मार्ग रीवा और शहडोल के बीच एकमात्र कनेक्टिविटी है। ऐसे में दिनभर ट्रक, बस, हाईवा सहित बड़े वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। स्थिति यह है कि प्रति घंटे 4 से 5 बार जाम लगना आम बात हो गई है। सड़क के दोनों ओर घनी बस्ती और पक्के निर्माण के कारण वाहनों को निकलने की जगह नहीं है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना हो रहा मुश्किल

इस मार्ग पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक मरीजों को पहुंचाना भी अब एक चुनौती बन चुका है। जाम के कारण एंबुलेंस और अन्य साधन समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते, जिससे कई बार गंभीर मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पाता। यह स्थिति आमजन के जीवन को संकट में डाल रही है।

### बायपास रोड निर्माण की उठी मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक बायपास रोड का निर्माण नहीं होगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। बायपास बनने से भारी वाहनों का प्रवेश नगर क्षेत्र में नहीं होगा और बस्ती में जाम की स्थिति से राहत मिलेगी। लेकिन दुख की बात है कि नगर पालिका और जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### प्रशासन की अनदेखी से नाराज जनता

लंबे समय से लगातार मांगों और शिकायतों के बावजूद ना तो यातायात नियंत्रण के लिए कोई उपाय किए गए हैं और ना ही वैकल्पिक मार्ग का निर्माण शुरू हुआ है। प्रशासन की यह उदासीनता क्षेत्रवासियों में रोष का कारण बन रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# सुभाष चौक की तस्वीर को बदलने के लिए आखिर कब किया जाएगा प्रयास

### बरसात के समय पर हर साल बढ़ती है समस्या लेकिन समय रहते नहीं किया जाता निराकरण



**विजय मत, धनपुरी।**

कोयलांचल क्षेत्र का सुभाष चौक आज बदहाल नजर आ रहा है और पूरे वर्ष यहां की स्थिति ऐसे ही नजर आती है लेकिन बरसात के समय पर यहां की समस्या हर किसी के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है कई वर्षों से इस बात को तो कहा जा रहा है कि सुभाष चौक की तस्वीर बदली जाएगी सवाल अब इस बात का उठता है कि आखिर इस तस्वीर को बदलने में और कितने वर्ष लगेंगे यहां के हालात आज देखे जा सकते हैं किस तरह से यहां समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और प्रतिदिन यहां से आवागमन करने वाले हजारों लोगों को परेशानियां उठानी पड़ती है एसईसीएल सोहागपुर प्रबंधन यहां की समस्याओं को दूर करने की बात तो कहती है लेकिन समस्या कितनी दूर की जा रही है इसे भी यहां पर देखा जा सकता है सकरी सड़के जहां एक तरफ वैसे भी लोगों की परेशानियों को बढ़ाती है तो दूसरी तरफ यहां पर जिस तरह से सड़क का हाल है उसे भी देखा जा सकता है दूर से देखने पर यह पूरी तरह से तालाब नजर आता है और मुसीबतें हर रोज यहां पर देखने को मिलती है समस्या के समाधान को लेकर प्रयास तो कई बार किए गए लेकिन समस्या के समाधान को लेकर जिस तरह का प्रयास किया जाना चाहिए वह आज भी यहां पर देखने को नहीं मिल रहा है प्रतिदिन अगर देखा जाए तो कालरी के बड़े-बड़े अधिकारी इसी मार्ग से होकर आवा गमन करते हैं और शायद उन्हें भी यहां की समस्या नजर आती है पर सवाल एक ही उठता है की समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा।

सुभाष चौक के पास सड़क की हालात पूरी तरह से जर्जर है गड्ढे इतने बड़े हैं कि हर समय दुर्घटनाओं का डर बना रहता है सकरी सड़क होने के कारण प्रतिदिन यहां पर जाम की स्थिति देखी जाती है कई बार यहां पर दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है ऐसे में इतने गंभीर समस्या को लेकर भी किसी तरह का प्रयास न किया जाना समझ के परे ही कहा जा सकता है वैसे भी बरसात के पहले यहां की समस्या को लेकर लगातार प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन इसके बाद भी इस पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया गया नतीजा आज क्या है इस चौक पर देखा जा सकता है लगातार हो रही बरसात के कारण यहां के हालात और भी खस्ता हाल होते जा रहे हैं समस्याएं बढ़ रही हैं लेकिन समाधान नहीं हो रहा है।

आज अगर सुभाष चौक की बात की जाए तो यह चौक आवा गमन के लिए सबसे महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आना-जाना इसी मार्ग से होता है कोयले से भरे हुए बड़े-बड़े वाहन यहीं से होकर गुजरते हैं और यही कारण है कि सड़क की हालत और भी जर्जर हो जाती है वैसे

## एसईसीएल सोहागपुर एरिया का केंद्रीय चिकित्सालय सुविधाएं कम समस्याएं ज्यादा नहीं हो रहा सुधार




**विजय मत, धनपुरी।**

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर केंद्रीय चिकित्सालय सोहागपुर एरिया का अपना एक नाम होता था दूर-दूर से लोग यहां इलाज के लिए आते थे लेकिन आज हालात इस तरह से बदले हैं की यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं भगवान भरोसे ही चल रहा है लोगों की बात माने तो 20 साल पहले केंद्रीय चिकित्सालय की अपनी एक पहचान होती थी बेहतर डॉक्टर बेहतर इलाज यहां की पहचान होती थी पर अगर आज देखा जाए तो सब कुछ बदला-बदला सा नजर आता है चिकित्सालय की यह हालत कैसे हुई यह विचारणीय प्रश्न है क्योंकि जब अस्पताल की व्यवस्था गड़बड़ा रही थी तब इस पर ध्यान नहीं दिया गया और आज 120 बिस्तर वाला अस्पताल बुनियादी सुविधाओं को लेकर मोहताज देखा जा सकता है पूरे एसईसीएल में सोहागपुर एरिया का केंद्रीय चिकित्सालय अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अलग स्थान रखती थी मरीजों का भरोसा इस अस्पताल पर देखा जा सकता था स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की पदस्थापना इस चिकित्सालय में रहती थी दवाइयों की कमी नहीं रहती थी और मरीजों को बाहर रिफर भी नहीं करना पड़ता था पर अब ऐसा नहीं है अस्पताल में सुविधाओं की कमी देखी जा सकती है जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से जिस तरह से मुंह फेरते गए उसी का नतीजा है कि चिकित्सालय में दिन-ब-दिन समस्याएं बढ़ती गई और आज यहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया में करीब 4000 के करीब कर्मचारी कोयला खदानों में काम करते हैं जिनके स्वास्थ्य सुविधाओं की जिम्मेदारी इस चिकित्सालय पर है पर खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों को यहां कितना चिकित्सा लाभ मिल रहा है यह तो देख कर ही पता चल रहा है समय के साथ साथ इस चिकित्सालय में समस्याएं बढ़ रही थी और जब इसे दूर करने का समय था तब इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा था कहने को तो समय-समय पर इस चिकित्सालय का वेलफेयर बोर्ड के सदस्य श्रम संगठन यहां तक की वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया जाता था जहां पर चिकित्सालय की समस्याएं सामने नजर आती थी पर यहां की समस्याएं दूर हो इस पर किसी प्रकार की गंभीरता देखने को नहीं मिली सेवानिवृत्त हो चुके कई कर्मचारी बताते हैं कि 20 साल पहले इस चिकित्सालय में हमें बेहतर इलाज मिलता था डॉक्टरों की पदस्थापना भी थी और चिकित्सा लाभ का पूरा फायदा होता था दवाइयों के लिए परेशान नहीं होना पड़ता था लेकिन समय के साथ इस चिकित्सालय में काफी कुछ बदला बदला नजर आने लगा है अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा अब देखने को नहीं मिलती यही कारण है कि बाहर जाकर इलाज कराने की मजबूरी होती है। केंद्रीय चिकित्सालय आज जिस तरह से समस्याओं से घिरी हुई है कहीं ना कहीं प्रबंधन की अनदेखी का ही नतीजा है धीरे-धीरे जब यहां समस्याएं बढ़ रही थी तब इस पर ध्यान दिया गया होता तो आज हालात ऐसे नजर नहीं आते अस्पताल की बेहतर व्यवस्था को लेकर करोड़ों रुपए हर साल खर्च तो होते हैं लेकिन सुविधाएं कितनी देखने को मिलती है यह भी देखा जा सकता है आज यहां पर करोड़ों रुपए की सीटी स्कैन मशीन मौजूद है लेकिन सालों से स्पेशलिस्ट ना होने की वजह से इसका फायदा मरीजों को नहीं मिल पाता है।

## विश्वविद्यालय, शिक्षा केंद्र के साथ भारतीय संस्कृति, प्रकृति एवं परंपरा का संवाहक- कुलगुरू

### पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया दीक्षारंभ कार्यक्रम

**विजय मत, शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीक्षारंभ समारोह में नव प्रवेषित छात्र-छात्राओ को फूलमाला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। दीक्षारंभ कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कुलगुरू प्रो. रामशंकर ने कहा कि ÷विश्वविद्यालय शिक्षा का केवल केंद्र नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, प्रकृति एवं परंपरा का संवाहक है। विद्यार्थियों को न केवल डिग्री प्राप्त करनी है, बल्कि अपने हस्ताक्षर से समाज में एक सकारात्मक पहचान बनानी है। उन्होंने ÷हस्ताक्षर÷ की महत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि हस्ताक्षर केवल पहचान का साधन नहीं, अपितु उत्तरदायित्व, संकल्प और व्यक्तित्व की छवि है। जब कोई छात्र अपने विचार, आचरण एवं कर्तव्यों पर हस्ताक्षर करता है, वह राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाता है।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से नवप्रवेशित छात्रों को पवित्र रक्षा सूत्र बांधा गया, जो गुरु-शिष्य परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और कर्तव्यबोध का प्रतीक बनकर उपस्थित रहा।

कार्यक्रम को प्रोफेसर डॉ. मनीषा शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नवाचार, अनुसंधान एवं मूल्यों पर आधारित शिक्षा की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सत्यनिष्ठा एवं आत्मविश्वास के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रो. प्रमोद पाण्डेय, डॉ. बृजेंद्र पाण्डेय ने भी अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर प्रो. गीता सराफ, डॉ. चेतना सिंह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ. प्रवीण शर्मा सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 9 जुलाई के आम हड़ताल के लिए कोयला मजदूर पंचायत कटिबद्ध- विनय सिंह

धनपुरी - 9 जुलाई को होने वाले एक दिवसीय आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए एच एम एस कटिबद्ध है। खास तौर पर एस ई सी एल में हड़ताल को सफल बनाने हेतु कोयला मजदूर पंचायत ( एच एम एस ) ने कमर कस ली है।

## मिडिल स्कूल देवरी के शिक्षक की मनमानी, सड़ा गला मध्याह्न भोजन



**विजय मत, शहडोल।**

जनपद पंचायत गोहपारू के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी नं् एक की पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अश्वनी कुमार अग्निहोत्री पर आरोप है कि वे स्कूल के अध्ययन कार्य में लापवारवाही बरत रहे हैं जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। साथ ही सड़ा गला मध्याह्न भोजन बच्चों को परोसा जाता है। जिससे बच्चों के बीमार होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर को जन सुनवाई में आवेदन देकर उक्त शिक्षक को हटाए जाने की मांग की है।

### विधायक ने पहले तबादला, फिर निरस्त कराया

जैतपुर विधानसभा के विधायक जयसिंह मरावी ने सरपंच एवं ग्रामीणों की शिकायत पर पहले उक्त शिक्षक का तबादला करा दिया और बाद में स्वयं तबादला आदेश निरस्त कराने हेतु कलेक्टर को पत्र लिखा है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् अनूपपुर, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

Office Municipal Council Anuppur, District-Anuppur(M.P.)

WEBSITE-Nppanuppur.com, E-Mail: cmoanuppur@mpurban.gov.in,

क्र./ न0पा0/2025/ अनूपपुर, दिनांक

**अन्तिम दावा / आपत्ति सूचना**

म0प्र0 शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भावन भोपाल के पत्र क0 -एफ0/एफ0यू0डी0एच0/9/0009/2025/18-2 भोपाल दिनांक 17.03.2025 एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म0प्र0 शासन भोपाल के पत्र प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी0एल0सी0घटक) के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्रो की जाँचकर पोर्टल मे स्वीकृत / अस्वीकृत करने के साथ-साथ, पात्र/अपात्र की सूची तैयार करने हेतु इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 833 दिनांक 28.04.2025 द्वारा डियूटी लगाई गई थी। सभी कर्मचारी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं दस्वातेजो अनुसार वार्डो में जाकर स्थल निरीक्षण / परीक्षण पश्चात् पात्र/अपात्र हितग्राहीयो की सूची तैयार की गई है जिसका प्रकाशन आज दिनांक 08.07.2025 को कार्यालय के सूचना पटल पर किया जाता है। प्रकाशित सूची में अगर किसी भी हितग्राही को दावा / आपत्ति हो तो दस्तावेजो सबूतो के साथ दिनांक 15.07.2025 को समय 5.00 बजे तक लिखित रूप से निकाय मे प्रस्तुत कर सकते है बाद में किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नही होगी।

संलग्नः - पात्र / आपात्र सूची। (27+122+38+3) की सूची।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् अनूपपुर जिला-अनूपपुर (म0प्र0)



कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त) अनूपपुर**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in/ पर अनूपपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पुनरीक्षित नलजल योजनाओं के निविदा के (Bill of Quantity) अनुसार पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन, उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल, एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएँ निम्नानुसार आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | निविदा क्रमांक / दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेण्डर नम्बर | ग्राम का नाम | निविदा की लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434427_1 | खूंटाटोला, धनगवां पूर्वी, कुकरगोड़ा (विकासखण्ड जैतहरी) एवं मौहरी (विकासखण्ड अनूपपुर) | 229.95 | 229950/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 2 | 07/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434428_1 | कदमसरा, बरबसपुर, सीतापुर, बैरीबांध, रक्सा, निगौरा एवं खुरसा (विकासखण्ड जैतहरी) | 219.38 | 219380/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 3 | 08/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434429_1 | पयारी नम्बर-2, छिल्पा, भाटीसरई, कोटमी, हरद एवं भलवाही (विकासखण्ड अनूपपुर) | 218.08 | 218080/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 4 | 09/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434431_1 | चुकान, भाद एवं मलगा (विकासखण्ड अनूपपुर) | 203.55 | 203550/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार |
| 5 | 10/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434432_1 | लपटी, अचलपुर, बिलासपुर एवं हर्रई (विकासखण्ड पुष्पराजगढ़) | 254.43 | 254430/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार |
| 6 | 11/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434433_1 | भमरहा, चंदनिया, मेढ़ाखार, सालरगोंदी एवं बेंदी (विकासखण्ड पुष्पराजगढ़) | 211.03 | 211030/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार |
| 7 | 12/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434434_1 | पयारी नम्बर-1, बेलियाबड़ी, खोड़री नम्बर-1. परासी (विकासखण्ड अनूपपुर) एवं नगाराबांध (विकासखण्ड कोतमा) | 214.42 | 214420/- | 15000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार |
| 8- | 13/2025-26 दिनांक 30.06.2025 | 2025 PHED 434435_1 | उफरीकला, करौदी, बिजौरी, बरटोला एवं लेढ़रा (विकासखण्ड पुष्पराजगढ़) | 226.95 | 226950/- | 15000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 16.07.2025 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 16.07.2025 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि 18.07.2025 11.00 बजे

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं।

विस्तृत निनिदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर प्रदर्शित हैं। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)

G15315/25

## न्यूज इन शॉर्ट



### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की समीक्षा की गई । कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2025- 26 की वार्षिक कार्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्य योजना बनाकर गतिविधियों का आयोजन किया जाए । इसके साथ ही नवाचार के माध्यम से भी गतिविधियां आयोजित की जाए । बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी , सीएमओ उमरिया किशन सिंह, सीएमएचओ डा व्ही एस चंदेल, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग दिव्या गुप्ता, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शशि शुक्ला गौतम, सदस्य रविशंकर तिवारी, रावेन्द्र सिंह, .ष्णा तिवारी, मधुलिका अग्रवाल सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### पांच माह से नही मिली लाड़ली बहना योजना की राशि

उमरिया। पाली की वार्ड नंबर 11 निवासी सुनीता पति पन्ना ने जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया कि प्रार्थी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी है, विगत पांच माह से लाडली बहना योजना की राशि नही मिल पा रही है। प्रार्थी के पति लापता है। परिवार का लालन पालन प्रार्थी व्दारा किया जाता है। उन्होने बताया कि घर में तीन पुत्री है। प्रार्थी गरीबी रेखा के तहत जीवन यापन कर रही है। दूसरी आय का कोई साधन नही है। उन्होने मांग की है कि आवेदिका को लाडली बहना योजना के तहत राशि का भुगतान कराया जाए।

### जान से मारने की धमकी देने पर मामला कायम

उमरिया।पाली थाना अंतर्गतग्राम ओदरी में आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई। जानकारी अनुसार गितेश बाई पनिका पति अशोक पनिका उम्र 40 साल निवासी ओदरी की शिकायत पर आरोपी संगीता पनिका पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### भूमि पर कब्जा करते हुए दी जा रही जान से मारने की धमकी

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम ददरी नहर के बगल में आरोपी व्दारा भूमि पर कब्जा कतरे हुए फरियादी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जानकारी अनुसार रामा सिंह राठौर पिता चमरू सिंह राठौर की शिकायत पर आरापी सुग्रीम सिंह, राजू सिंह, राज कुमार सिह, दीपचंद सिंह पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### तीन थानों के थानेदार के हुए तबादले

उमरिया। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने उमरिया जिले में तीन थाना प्रभारियों के तबादले के आदेश जारी किए है जिसमें बालेंद्र शर्मा को उमरिया से नौरोजाबाद के थाना प्रभारी का प्रभार, राजेश चंद्र मिश्रा को नौरोजाबाद से थाना पाली की कमान तो मदन लाल मरावी थाना पाली को कोतवाली की कमान सौपी गई है।

### आईटी 2.0 एप्लिकेशन का रोलआउट- डिजिटल ट्रांस्फ़र्मेशन की दिशा में एक कदम

उमरिया । अधीक्षक डाकघर शहडोल संभाग शहडोल ने बताया कि विभाग द्वारा अगली पीढ़ी की एपीटी एप्लिकेशन की शुरुआत की जा रही है, जो हमारी डिजिटल उत्.ष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को शहडोल संभाग ;जिला शहडोल, उमरिया, अनुपपुर के सभी डाकघरों में 22जुलाई से लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को बनाए रखने के लिए 21 जुलाई को नियोजित अवकाश ;डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। 21 जुलाई को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन.देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशनए सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली को सुचारू और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके ।एपीटी एप्लिकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर करने, त्वरित सेवा प्रदान करने और अधिक ग्राहक हितैषी इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्मार्ट कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उन्होने ग्राहकों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए अपने डाकघर संबंधी कार्य पूर्व में ही निपटा लें और इस अल्पकालिक व्यवधान के दौरान हमारा सहयोग करें। इस संबंध में हुई किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है और हम आपको आश्वस्त करते हैं कि सभी नागरिकों को बेहतरए त्वरित और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं।

### कमिश्नर आज नगर निगम के कार्यो की करेंगे समीक्षा

रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद सतना नगर निगम के निर्माण कार्योए शासन की प्राथमिकता वाली विभिन्न योजनाओं, विभागीय गतिविधियों एवं बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई

## पात्र हितग्राहियों को योजना से जोडने हेतु महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया

**विजय मत, उमरिया**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य की निगरानी, मूल्यांकन एवं समीक्षा हेतु जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में बताया गया कि ऐसे हितग्राही जिनके एकल माता पिता हो, अर्थात जिनके पिता की मृत्यु हो गई हो को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ प्रदाय किया जाता है । वर्तमान में उमरिया जिले अन्तर्गत कुल 427 बच्चों को स्पॉन्सारशिप योजना का लाभ प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्पॉन्सरशिप योजना से कोई भी पात्र हितग्राही नही छूटे । सामाजिक न्याय विभाग से सूची प्राप्त कर प्रत्येक प्रकरण का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजना से जोडने हेतु महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया ।बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना के तहत ऐसे हितग्राही जिनके माता.-पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है उनको मुख्यमंत्री बाल



आर्शीवाद योजना का लाभ दिये जाने का प्रावधान है। वर्तमान में उमरिया जिले अन्तर्गत कुल 107 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीवाद योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। ऐसे हितग्राही जिनके माता.पिता की कोविडः19 के कारण मृत्यु हुई है, को पी0एम0 केयर्स फार चिल्ड्रन योजना से जोडा गया है। उमरिया में 2 बच्चों को पी0एम0 केयर्स फार चिल्ड्रन योजना से लाभान्वित किया गया है। कलेक्टर ने समय-समय पर काउंसलिंग एवं फालोअप करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने कहा कि ऐसे बच्चे जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों चौराहे पर भीख माँगते हुये पाये जाने पर बाल कल्याण समिति के माध्यम से उनके माता-पिता को समझाईश देकर पारिवारिक पुर्नवास कराया जाये। जिले के सभी थानों, चाइल्ड लाईन द्वारा दस्तयाब बालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बाल कल्याण समिति उमरिया के माध्यम से उनका पारिवारिक पुर्नवास कराया जाये।

बच्चों की नियमित काउंसलिंग की जाये एवं पात्रता अनुसार विभाग में संथालित योजनाओं से जोड़ा जाये। जिले में संचालित चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 का प्रचार प्रसार किया जाये ताकि अनाथ, निराश्रित, परित्यक्त, बेसहारा, गुमशुदा एवं घर से भागे हुए बालकों, ऐसे बच्चे जिनके माता.-पिता नहीं हैं अथवा पालने में सक्षम नहीं हैं, विपत्तिग्रस्त हैं अथवा कठिन परिस्थितियों में रह रहे है हिंसा, दुर्व्यवहार से बचाये हुये मानसिक एवं शारीरिक रूप से मंद या बीमार बच्चे, मानव तस्करी, मिक्षावृत्ति या सड़कों पर निवास करने वाले बच्चे मिलने पर जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को देकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनकी देखरेख एवं संरक्षण की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगलेए, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शशि शुक्ला गौतम, सदस्य रविशंकर तिवारी, रावेन्द्र सिंह ए मधुलिका अग्रवाल, .ष्णा तिवारी, सीएमओ उमरिया किशन सिंह, सीएमएचओ डा व्ही एस चंदेल, श्रम निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी , जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आम जनों की समस्याएं

## शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**विजय मत, उमरिया**

साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए लोगों की सस्याओं को सुना तथा शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए ।



जनसुनवाई में व्दारिका सिंह राठौर निवासी लालपुर ने ट्रायसिकल दिलाने, लालमनी रजक ग्राम हरदुआ ने पुस्तैनी कब्जा स्वत्व आराजियात पर जबरन बाल पूर्वक कब्जा करने, संजय कोल ग्राम खुटार ने आने जाने का रास्ता दिलाने, सुनीता निवासी पाली ने पांच माह से लाड़ली बहना योजना की राशि नही मिलनेए, धनेन्द्र तिवारी निवासी शारदा कालोनी ने सार्वजनिक रास्ता खुलवाने, मनोज तिवारी ग्राम बकेली ने शारदा स्व समूह को हटानेए, उशा देवी ग्राम रामपुर ने कैंसर के इलाज हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, भूरि बाई यादव ग्राम गढपुरी ने वृध्दा वस्था पेंशन दिलानेए ओम प्रकाश घंघरी ने भूमि से कब्जा हटवाने संबंधी आवेदन दिया । जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगलेए, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### जिले में बीते 24 घंटे में 22.2 मिमी वर्षा दर्ज

उमरिया। अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे में 22.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ मे 29.2 मिमी, मानपुर में 24.65 मिमी, पाली मे 21.6 मिमी, नौरोजाबाद में 20.4 मिमी, चंदिया में 2.4, करकेली में 24.8 मिमी, बिलासपुर में 32.6 मिमी वर्षा शामिल है । जिले में 1 जून से लेकर आज दिनांक तक 498.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ मे 465.4 मिमी, मानपुर में 459.7 मिमी, पाली मे 457.8 मिमी, नौरोजाबाद में 448.4 मिमी, चंदिया में 713.8, करकेली में 395.2 मिमी, बिलासपुर में 616.8 मिमी वर्षा शामिल है । जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक 122.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जिसमें बांधवगढ मे 187.8 मिमी, मानपुर में 135.3 मिमी, पाली मे 121.8 मिमी, नौरोजाबाद में 135.3 मिमी, चंदिया में 95.8, करकेली में 112.7 मिमी, बिलासपुर में 77.4 मिमी वर्षा शामिल है ।

### पटवारी ने पैसा लेने के बाद भी नही किया काम , जनसुनवाई में हुई शिकायत

**विजय मत, उमरिया**

बांधवगढ़ तहसील अंतर्गत धनीराम कोरी ने जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत करते हुए कहा कि प्रार्थी की सहखाते की भूमि आ0ख0न0 414/426 /1/1 रकबा 0.0860 हे0 पट्टे की भूमि है। लोकसेवा केंद्र में नक्शा तरमीम का आवेदन दिया गया जिसकी समय सीमा 19 मई 25 तय की गयी। कार्यवाही पूर्ण न होने पर पुनः लोकसेवा केंद्र में 23 मई को नक्शा तरमीम व सीमांकन का आवेदन दिया गया जिसकी समय सीमा 7 जुलाई तय की गयी परन्तु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। प्रार्थी हरिजन जाति का है । प्रार्थी के भूमि के आगे पीछे दबंग भूमाफियाओंकी भूमि है जिनके द्वारा प्रार्थी की भूमि पर कब्जा किया गया है । उन्होने बताया कि कुलदीप सिंह, सत्यनारायण , रिटायर्ड पटवारी रामूची तिवारी द्वारा नक्शा तरमीम सीमांकन की कार्यवाही मौका स्थल पर जाकर विवाद करते हुए रोक दिया जाता है। ग्राम घंघरी के पटवारी विपिन मिश्रा द्वारा सीमांकन नक्शा तरमीम हेतु 15000 रूपए लिए गए है प्रार्थी ने मजबुरिवश कर्ज लेकर पूर्व सरपंच बबन सिंह बघेल के समक्ष पटवारी को दिया गया है परन्तु कार्यवाही नहीं हुई । भूमि का सीमांकन व् नक्सा तरमीम का आवेदन कलेक्टर महोदय को 22.05.25 को दिया गया था, परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होने मांग की है कि प्रार्थी की जान माल की सुरक्षा प्रदान करवाते हुए भूमि का नक्शा तरमीम सीमांकन व बेदखली की कार्यवाही की जाए।

# अधिक रेट पर धान का बीज बेच रहे कृषि विस्तार अधिकारी - किसान

**विजय मत, उमरिया**

मानपुर के किसान बैजनाथ केवट, बाल गोविंद, राम निवास, गिरधारी केवट, मनोज गुप्ता, रामसुंदर गुप्ता, मुनेंद्र गुप्ता , राज कुमार प्रजापति सहित अन्य किसानों ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर कलेक्टर को अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि शासन के निर्धारित मापदंडो के अनुसार किसानो को धान की बीज जे आर 206 जो कृशि फार्म गोवर्दे व्दारा किसानों को 4530 रूपये प्रति क्विंटल की दर से दिया जाना था, जिसे वहां पदस्थ एम के दुबे ने कृशि फार्म गोवर्दे एवं समस्त आर ई ओ के माध्यम से 30 किलो की बोरी 1650 रूपये एवं 20 किलो की बोरी 1100 रूपये में दी गई जबकि शासन की दर अनुसार 30 किलो की बोरी 1359 रूपये एवं 20 किलो की बोरी 906 रूपये की होनी चाहिए जबकि किसानों से ज्यादा पैसा लिया जा रहा है। उन्होने कहा कि ऐसे भ्रश्ट अधिकारी जो किसानो को लूटने का कार्य कर रहे है के व्दारा शासन के नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जिससे हम किसानो को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। उन्होने मांग की है कि कार्यवाही करते हुए हम किसानों को ज्यादा पैसा वापस कराया जाए।

### लापरवाह उपयंत्री की संविदा सेवा समाप्ति के आदेश

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद पंचायत सिरमौर के उपयंत्री जयशंकर पटेल की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 तथा 1966 के तहत की गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति अत्यंत कम होने तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की निगरानी में लापरवाही बरतने पर श्री पटेल को कारण बताओ नोटिस दिया गया था।

# आवंटन योग्य 7 प्लॉट औद्योगिक इकाई स्थापना हेतु उपलब्ध

## आवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओं के आधार पर किया जायेगा

**विजय मत, उमरिया**

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि ग्राम बड़वार तहसील चंदिया जिला उमरिया में मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 4.850 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की गई है। जिसमें सड़कए नाली, पुलिया एवं विद्युत आदि आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध कराई गई है। औद्योगिक क्षेत्र में आवंटन योग्य कुल 32 प्लॉट उपलब्ध है तथा 01 प्लाट विद्युत ट्रांसफार्मर हेतु आरक्षित है। जिसमें 19 प्लॉट आवंटित किये जा चुके है तथा 6 प्लॉटों में आवंटन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

आवंटित 19 प्लाटों में से 6 प्लाटों पर 2 इकाईयाँ स्थापित हो कर कार्यरत हो चुकी है तथा 2 प्लॉटों पर एक इकाई स्थापनाधीन है। वर्तमान में आवंटन योग्य 7 प्लॉट औद्योगिक इकाई स्थापना हेतु उपलब्ध है। आवेदक विभागीय पोर्टल एमपीएमएसएमई के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। पोर्टल 15 जुलाई को सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। आवेदक शुल्क 5000 तथा प्रीमियम का 25 प्रतिशत राशि आवेदन के समय देय होगी। आवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओं के आधार पर किया जायेगा। अन्य आवश्यक जानकारी एमपीएमएस एमई पोर्टल पर देखी जा सकती है अथवा महाप्रबंधकए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उमरिया से संपर्क कर सकते हैं।

### कमिश्नर ने आमजनता के आवेदनों में की जनसुनवाई

रीवा । कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने अधिकारियों को जनसुनवाई के आवेदन पत्रों में सात दिवस में कार्यवाही करके निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सरपंच ग्राम पंचायत मोहरवा द्वारा स्कूल की जमीन से अतिक्रमण हटाने तथा इसमें प्रस्तावित मंदिर निर्माण रूकवाने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने एसडीएम को मौके पर जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। आवेदिका सीताबाई नगर परिषद गोविंदगढ़ ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संतलाल साहू ने उनके नाती के कक्षा नवीं में शाला में प्रवेश के लिए आवेदन दिया।

# एकतरफा मुकदमे को लेकर शिवसेना की चेतावनी, होगा जेल भरो आंदोलन

**विजय मत, सीधी**

फर्जी मुकदमे को लेकर शिवसेना का विरोध अब तेज होता जा रहा है। शिवसेना की सीधी जिला इकाई ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मामले को समाप्त कर काउंटर केस दर्ज करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं की गई तो एसपी कार्यालय का घेराव कर जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष नाहर सिंह गौड़ और युवा सेवा के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरैनिया के आवाहन पर पूरे प्रदेश में यह



आंदोलन चलाया जा रहा है। सभी जिला इकाइयों को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में प्रेस नोट जारी करते हुए शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कोतवाली क्षेत्र की घटना का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि कुछ व्यापारी संघ पदाधिकारियों द्वारा छोटे और गरीब व्यापारियों पर मनमाने तरीके से जुर्माना लगाने का डर। दुकानों को बंद कराने जैसे कदम उठाए गए, जो किसी तानाशाही से कम नहीं थे। शिवसेना ने जब इसका विरोध किया, तो व्यापारी संघ द्वारा ही उल्टा फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। शिवसेना का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी कर एकतरफा कार्यवाही की गई है।

### आंदोलन की दी गई चेतावनी

विवेक पांडे ने कहा कि अगर प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो शिवसेना सीधी में एसपी कार्यालय का घेराव करेगी और जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

पार्टी इस मुद्दे पर उच्चन्यालय में सभी एकतरफा कार्यवाही पर भी केश कर सभी जिम्मेदार अधिकारी को पार्टी बनाया जायेगा। ज्ञापन पत्र सौंपते हुए संभाग उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा,संभाग सयोजक संतकुमार केवट,जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले ,जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा,जिला मंत्री अशीस मिश्रा,नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना,नगर उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, केशव मिश्रा,आशीष सिंह चौहान मौजूद रहें।

**ज्ञापन**

## प्रताड़ना से तंग आकर स्थाईकर्मी ने की थी आत्महत्या

# वन कर्मचारी संघ ने दोषी वन अधिकारी के खिलाफ उठाई जांच की मांग

**विजय मत, सीधी**

संजय टाइगर रिजर्व सीधी में पदस्थ स्थाई वन कर्मी रामसजीवन कुशवाहा द्वारा की गई आत्महत्या की गुत्थी दिनों दिन उलझती जा रही है। फांसी लगाकर आत्मा हत्या करने वाले स्थाई वन कर्मी के परिजनो को दो वक्त की रोटी के लिये मशक्कत करनी पड़ रही है।

कोतवाली पुलिस को मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट में उप संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी को दोषी बताया गया है। उसके बाद भी पुलिस पूरे प्रकरणमें लीपापोती में जुटी हुई है। उक्त गंभीर आरोप वन कर्मचारी संघ के जिलाअध्यक्ष पंकज मिश्रा ने लगाया है, उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर उच्चस्तरीय



न्यायिक जांच की मांग उठाई है।

वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने मीडिया को बताया कि संजय टाईगर रिजर्व सीधी में कार्यरत स्थाईकर्मी रामसजीवन कुशवाहा द्वारा 1 जुलाई 2025 को लगभग 9 बजे सुबह उप संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी आवास के पीछे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा फंदे से उतारकर तलाशी लेने के दौरान सुसाइड नोट पाया गया, जिसमे आत्महत्या के कारणो का उल्लेख है। सुसाइड नोट में मौत की प्रमुख वजह उप संचालक द्वारा लगातार प्रताड़ित करना बताया गया है। इसके साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि जब रामसजीवन कुशवाहा स्थाईकर्मी की डियुटी लिखित में सहायक संचालक कार्यालय मझौली मे लगाई गई थी, तो उप संचालक द्वारा आवास में कार्य क्यो लिया जा रहा था। उक्त घटना के उपरांत वरिष्ट अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनो को किसी प्रकार की तत्कालिक मदद नही की गयी साथ ही वे अपनी पूरी ताकत प्रकरण को दबाने में लगाते हुए दिखें। संघ ने सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई है कि मृतक के परिवार को आर्थिक क्षति के रूप में बीस लाख रूपये क्षतिपूर्ति राशि मिले। पूरे घटनाक्रम में उप संचालक का पद अखिल भारतीय सेवा से संबंधित होने के कारण घटनाक्रम की उच्चस्तरीय सीबीआई अथवा न्यायिक जांच कराई जाये। विभागीय स्तर की जांच में लीपापोती किए जाने की आशंका है।

संस्थापक
**श्री रामसिपाही शुक्ल**


## आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें

मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की ज़रूरत होती है बस!यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक ज़रूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है।


**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।


# क्या चीन के इशारे पर भारत में राफेल के खिलाफ चला अभियान ?

**डॉ. श्रद्धा मिश्रा**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी हमलों से राफेल विमान को नुकसान पहुंचने (एक नेता ने पांच राफेल गिरने का दावा किया था) और सरकार पर जानकारी छिपाने का आरोप कांग्रेस नेताओं ने लगाया था। महीनेभर ऐसा अभियान चला कि आम लोगों को भी संदेह होने लगा। अब फ्रांसीसी ह्लखुफिया ने दावा किया है कि दुनियाभर में चीन ने राजदूतों को सक्रिय कर राफेल के खिलाफ अभियान चलाया। उदेश्य राफेल की बिक्री रोकने के लिए इसे कमजोर साबित करना और ऑपरेशन सिंदूर के वक्त चीनी हार्डवेयर को हुए नुकसान से छवि को लगे दाग को साफ करना था। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला है कि मई में ह्लभारत और ह्लपाकिस्तान के बीच झड़पों के बाद चीन ने फ्रांस निर्मित राफेल जेट के प्रदर्शन के बारे में संदेह फैलाने के लिए अपने दूतावासों को सक्रिय किया, जिससे बीजिंग फ्रांस के प्रमुख लड़ाकू विमान की प्रतिष्ठा और बिक्री को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में शामिल हो गया।

> एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया सेवा के निष्कर्षों में कहा गया है कि चीन के विदेशी दूतावासों में रक्षा अधिकारियों ने राफेल की बिर ी को कम करने के लिए अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य उन देशों को राजी करना था जिन्होंने पहले से ही फ्रांसीसी निर्मित लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है - विशेष रूप से इंडोनेशिया - कि वे और अधिक न खरीदें और अन्य संभावित खरीददारों को चीनी निर्मित विमान चुनने के लिए प्रोत्साहित करें।



फ्रांसीसी सैन्य अधिकारी ने इस शर्त पर एपी के साथ निष्कर्षों को साझा किया कि अधिकारी और खुफिया सेवा का नाम नहीं बताया जाएगा। मई में भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिनों की झड़पें दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच वर्षों में सबसे गंभीर टकराव था, और इसमें हवाई युद्ध भी शामिल था जिसमें दोनों पक्षों के दर्जनों विमान शामिल थे।

तब से सैन्य अधिकारी और शोधकर्ता इस बात का विवरण खोज रहे हैं कि पाकिस्तान के चीन निर्मित सैन्य हार्डवेयर - विशेष रूप से युद्धक विमान और हवाई-लड़ाकू मिसाइलें - भारत द्वारा पाकिस्तानी लक्ष्यों पर हवाई हमलों में इस्तेमाल किए गए हथियारों, विशेष रूप से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले कैसा प्रदर्शन किया है। राफेल और अन्य हथियारों की बिक्री फ्रांस के रक्षा उद्योग के लिए बड़ा व्यवसाय है और पेरिस में सरकार द्वारा एशिया सहित अन्य देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों में मदद करता है, जहां चीन प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति बन रहा है। फ्रांस राफेल के खिलाफ़ एक ह्लदुष्प्रचार अभियान के खिलाफ़ लड़ रहा है। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी वायु सेना ने लड़ाई के दौरान पाँच भारतीय विमानों को मार गिराया, जिसमें तीन राफेल शामिल थे। हालांकि, पाकिस्तान के दावों पर भरोसा करना मुश्किल है। वजह, ऑपरेशन सिंदूर के वक्त हुई झड़प के बाद पाकिस्तानी वायु सेना, सेनाध्यक्ष और प्रधानमंत्री ने तमाम अपुष्ट ऐसे दावे किए हैं जो झूठे साबित हो रहे हैं। फ्रांसीसी अधिकारियों का कहना है कि इससे उन देशों से उनके प्रदर्शन के बारे में सवाल उठने लगे जिन्होंने फ्रांसीसी निर्माता डसॉल्ट एविएशन से लड़ाकू विमान खरीदे हैं।6 ह्लभारतीयङ्कसैन्यङ्कअफसरों ने विमान के नुकसान को स्वीकार किया, लेकिन यह नहीं बताया कि कितने विमान....। फ्रांसीसी वायु सेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलांगर ने कहा कि उन्होंने केवल 3 भारतीय नुकसानों की ओर इशारा करते हुए सबूत देखे हैं - एक ह्लराफेल, एक ह्लरूसी निर्मित ह्लसुखोई और एक ह्लमिराजङ्क2000, जो कि पिछली पीढ़ी का फ्रांसीसी निर्मित जेट है। यह राफेल का पहला ज्ञात युद्ध नुकसान था, जिसे फ्रांस ने आठ देशों को बेचा है। बेशक, उन सभी देशों ने, जिन्होंने राफेल खरीदे, खुद से सवाल पूछे, बेलांगर ने कहा।

फ्रांसीसी अधिकारी विमान की प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उनका आरोप है कि पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन की ओर से राफेल की आलोचना और ऑनलाइन गलत सूचना देने का एक संगठित अभियान चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि इस अभियान में सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट, कथित राफेल मलबे को दिखाने वाली छेड़छाड़ की गई तस्वीरें, एआई-जनरेटेड कंटेंट और कथित युद्ध का अनुकरण करने के लिए वीडियो गेम चित्रण शामिल थे। फ्रांसीसी शोधकर्ताओं के अनुसार, भारत-पाकिस्तान के बीच झड़पों के दौरान बनाए गए ऑनलाइन गलत सूचना देने में माहिर 1,000 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट ने भी चीनी तकनीकी श्रेष्ठता का एक आख्यान फैलाया। फ्रांसीसी सैन्य अधिकारियों का कहना है कि वे ऑनलाइन राफेल की आलोचना को सीधे चीनी सरकार से नहीं जोड़ पाए हैं। खुफिया आकलन कहता है कि चीनी अधिकारियों ने संभावित ग्राहकों को फ्रांसीसी विमानों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। लेकिन फ्रांसीसी खुफिया सेवा ने कहा कि चीनी दूतावास के रक्षा अधिकारियों ने अन्य देशों के सुरक्षा और रक्षा अधिकारियों के साथ बैठकों में इसी आख्यान को दोहराया, जिसमें तर्क दिया गया कि भारतीय वायु सेना के राफेल ने खराब प्रदर्शन किया और चीनी निर्मित हथियारों को बढ़ावा दिया। खुफिया सेवा ने कहा कि रक्षा अटैचियों ने अपनी लॉबिंग उन देशों पर केंद्रित की जिन्होंने राफेल का ऑर्डर दिया है और अन्य संभावित ग्राहक-देश जो खरीद पर विचार कर रहे हैं। इसने कहा कि फ्रांसीसी अधिकारियों को उन देशों से बैठकों के बारे में पता चला जिनसे संपर्क किया गया था। एपी द्वारा राफेल की अपील को कम करने के कथित प्रयास पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर, बीजिंग में राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, संबंधित दावे शुद्ध निराधार अफवाहें और बदनामी हैं। चीन ने सैन्य निर्यात के लिए लगातार विवेकपूर्ण और जिम्मेदार दृष्टिकोण बनाए रखा है, क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता में रचनात्मक भूमिका निभाई है।

**रक्षा मामलों की अध्येता (रायपुर)**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**ललित गर्ग**

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है।

> ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये।




ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है।

भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राज़ील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज़ है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया।

भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, 'बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

## जनसंख्या वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी

**संजय गोस्वामी**

जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि से है, और यह हाल के दशकों में दुनिया के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक रहा है। जैसे-जैसे मानव आबादी बढ़ती जा रही है, भोजन, पानी और ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। जनसंख्या में यह तीव्र वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव से लेकर पर्यावरणीय क्षरण तक कई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। हम जनसंख्या की घातीय वृद्धि में योगदान करने वाले कारकों, ग्रह पर इस वृद्धि के प्रभावों और इस लगातार बढ़ती समस्या को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक समाधानों की खोज करके जनसंख्या वृद्धि पर कुछ निबंधों पर चर्चा करेंगे। सभी के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के परिणामों को समझना महत्वपूर्ण है।दुनिया के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक जनसंख्या की घातीय वृद्धि की समस्या है। यह समस्या सबसे बड़ी है। दुनिया के अधिकांश देशों में जनसंख्या के आंकड़ों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया के संसाधन सीमित हैं और इसलिए वे एक निश्चित सीमा से ज़्यादा आबादी का भरण-पोषण नहीं कर सकते। दुनिया भर में खाद्यान्न की कमी और नौकरियों की कमी की खबरें आती रही हैं। मनुष्यों की संख्या स्थिर दर से बढ़ रही है। दुनिया की आबादी पहले ही छह अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है और अगले तीन या चार दशकों में इसके दोगुना होने की उम्मीद है।अगर जनसंख्या इसी दर से बढ़ती रही तो अधिक आबादी वाले देशों की अर्थव्यवस्था जनसंख्या वृद्धि का सामना करने में असमर्थ हो जाएगी। सभी के दरवाज़े पर शांति, आराम और कल्याण लाने की हर कोशिश नाकाम हो जाएगी और अगर जनसंख्या को उचित सीमा में नहीं रखा गया तो दुख प्रमुख हो जाएगा। कुछ देशों को छोड़कर, सभी देश जनसंख्या वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वर्तमान में, दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन है और भारत दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। भारत दुनिया की 17त्न आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया और यूरोप के कुछ देशों जैसे अन्य देशों में जनसंख्या विस्फोट का ख़तरा है। वर्तमान में, दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जिससे कई चुनौतियाँ पैदा हो रही हैं। अभी तक, वैश्विक जनसंख्या लगभग 7.6 बिलियन है और 2025 तक 8 बिलियन से अधिक होने की उम्मीद है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8422

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

### बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

### ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

### शब्द पहेली -8421 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | जी | स | स | ■ | ग | ब | रु | ■ |
| न | भ | ■ | ज | ■ | र | ■ | त | ह |
| जा | ■ | ■ | ग | र | ज | ना | ■ | ल |
| रा | ह | त | ■ | स्म | ■ | म | ह | क |
| ■ | ■ | र | ज | ■ | गं | ची | ■ | ■ |
| ज | न | क | ■ | खा | ■ | न | स | ल |
| मी | ■ | श | ब | न | म | ■ | ■ | ह |
| न | म | ■ | हा | ■ | ज | ■ | जो | र |
| ■ | त | ल | ना | ■ | मा | लि | श | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**9 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.57 बजे से |
| चंद्र | धनु में | सिंह | 08.13 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.25 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.36 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.51 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.07 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.12 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.58 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.31 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.02 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृष | 01.42 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.40 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 190 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 01.37 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 04.50 बजे प्रात: को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 22.09 बजे को समाप्त।
**करण** गर 13.12 बजे तदनन्तर वणिज 01.37 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 21'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872400
**जूलियन दिन** 2460865.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 13

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट



### बेलगाम शराब माफिया के आगे बेबस प्रशासन! बिजुरी में खुलेआम उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

बिजुरी। मुख्यमंत्री के अवैध शराब पर सख्त निर्देशों के बावजूद कोयलांचल नगरी बिजुरी में शराब माफिया बेलगाम हो चुका है। ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से 30-80 रुपये अधिक वसूली की जा रही है, रेट लिस्ट और बिल गायब हैं। कई मोहल्लों में अवैध रूप से घरों से शराब बेची जा रही है। पुलिस व आबकारी विभाग की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय जनता ने आरोप लगाया है कि कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा हो रहा है। सरकार से मांग की गई है कि इस माफिया नेटवर्क पर सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि कानून का डर और जनता का भरोसा दोनों बरकरार रहे।

### 24 घंटे में जिले में 26.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 26.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 5.2 मिमी, बिजुरी में 11.8 मिमी, जैतहरी में 50.4 मिमी, वेंकटनगर में 69.7 मिमी, पुष्पराजगढ़ में 22.4 मिमी, अमरकंटक में 39.8 मिमी तथा बेनीबारी में 15.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्षा मापी केंद्र कोतमा में वर्षा निरंक दर्ज की गई है।

### जिपं सामान्य सभा बैठक 9 जुलाई को

अनूपपुर। जिप सामान्य सभा की बैठक 9 जुलाई की दोपहर 12 बजे से जिपं सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडा बिन्दुओं पर चर्चा के साथ ही अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दु पर चर्चा की जाएगी।

### वृक्षारोपण के महाभियान में हर अधिकारी अनिवार्य रूप से भागीदारी निभाए :कमिश्नर



रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। संभाग के सभी जिलों में एक पे? माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक विकासखण्ड में एक लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी अधिकारी वृक्षारोपण के महाभियान में अनिवार्य रूप से भागीदारी निभाएं। सभी शिक्षण संस्थाओं के परिसरए छात्रावास परिसरए आंगनवा?ी केन्द्र भवन परिसर तथा कार्यालय परिसरों में उपयुक्त स्थल पर पौधे रोपित करें। जिले के सभी प्रमुख स?कों के किनारे भी अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराएं। सभी नगर निगम तथा नगरीय निकाय पार्कों एवं अन्य उपयुक्त शासकीय भूमियों पर पौधे रोपित करें। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधे रोपित करना हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अब पूरा शासकीय कामकाज ई ऑफिस के माध्यम से हो रहा है। सभी अधिकारी फाइलें और जानकारियाँ ई ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। अन्य माध्यम से फाइलें स्वीकार नहीं होंगी। ई ऑफिस में सात दिन की समय सीमा में शेष बचे कार्यालय यदि ऑनबोर्ड नहीं होते हैं तो संबंधित कार्यालय प्रमुख की एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने की कार्यवाही की जाएगी। ई ऑफिस में फाइल दर्ज करने के साथ ही इनका मूवमेंट भी सुनिश्चित करें। संभागीय अधिकारी अपने जिला और अन्य अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई ऑफिस की व्यवस्था सात दिवस में अनिवार्य रूप से लागू कर दें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में मछली पालन विभाग द्वारा 68 स्मार्ट फिश पार्लर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने निकाय में कम से कम एक स्मार्ट फिश पार्लर स्थापित कराएं। संयुक्त संचालक कृषिए सहायक संचालक उद्यानिकी तथा संयुक्त संचालक पशुपालन मछली पालन योग्य तालाबों के किसानों की सूची सात दिवस में उप संचालक मछली पालन को उपलब्ध कराएंए जिससे इनमें इस सीजन में मछली पालन किया जा सके।

### रीवा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 14 जुलाई से

रीवा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार बूथ लेवल आफीसर्स बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य निर्वाचन गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र रीवा के बीएलओ का प्रशिक्षण 14 से 16 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10ण्30 बजे से शाम 5ण्30 बजे तक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। बीएलओ को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सोननदी में नहाने के दौरान 10 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

## राजेन्द्रग्राम में तीन दिन बाद नदी में डूबे मासूम का मिला शव, कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए जारी किया सकुर्लर

**विजय मत, अनूपपुर**





तीन दिन में 6 की मौत

जिले में मानसून की बौछार पिछले तीन दिनों में किसी प्रलय से कम साबित नहीं हुई। लगातार बारिश के कारण उफान पर आए नदी-नालों में पिछले तीन दिनों में 6 लोगों की जीवन लीला समाप्त कर दी है। रविवार की रात जहां अमरकंटक-राजेन्द्रग्राम मार्ग के सजहा नाला में आई उफान से कार के सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों पति-पत्नी के अलावा दो बच्चों की मौत हो गई। रविवार की सुबह ही राजेन्द्रग्राम के लोहारिन टोला में 4 वर्षीय मासूम की मौत लोहारिन नाला में डूबकर हो गई थी। वहीं मंगलवार को चचाई स्थित सोननदी में एक 10 वर्षीय मासूम के नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। घटना ठाकुरबाबा घाट से चंद दूरी मस्जिद के पीछे सोन नदी में सुबह 11 बजे घटी। मतक की पहचान बादल बासुदेव पिता राजाराम बासुदेव निवासी मौहारटोला वार्ड क्रमांक 06 चचाई के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों और चचाई पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए शव को बरामद कर लिया, जहां पंचनामा तैयार करते हुए पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है। परिजनों के अनुसार सुबह 9 बजे के आसपास बादल बासुदेव अपने ही हम उम्र कुछ नौनिहाल दोस्तों के साथ खेलते-खेलते सोननदी पहुंच गया, जहां अचानक नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। इस दौरान वहां अन्य दोस्तों ने बादल को डूबता देखकर मौके से भाग निकले, और अपने परिजनों को बादल के डूब जाने की जानकारी दी। आनन फानन में परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोपहर 2 बजे एसडीआरएफ की टीम ने राहत व बचाव अभियान चलाते हुए शव को बाहर निकाला।

### घर से 2 किमी दूर सोन नदी तट पहुंचे बच्चे, रेत खदान के खोदे गड्ढ़े में डूबा

परिजनों के अनुसार सुबह 9 बजे बच्चों की टोली मोहल्ले में खेलने निकली है, टोली में 5 बच्चे शामिल थे, जहां खेल-खेल में नौनिहाल 2 से ढाई किलोमीटर दूर सोननदी किनारे पहुंच गए। यहां सभी बच्चे नदी में उतर नहाने लगे तभी बादल बासुदेव रेत उत्खनन के दौरान खोदे गए गहराईनुमा गड्ढा में जा फसा और डूब गया। परिजनों के अनुसार जहां बासुदेव डूबा था, वहां घाट से चंद कदम के फासले पर ही लगभग 8-10 फीट ढालनुमा गहरा गड्ढा बना हुआ था जो रेत उत्खनन के दौरान रेत निकालने में खोदा गया था।

### कलेक्टर ने सुरक्षा के पालन जारी किया सकुर्लर

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में वर्तमान वर्षाकाल को देखते हुए आपदा की स्थिति से निपटने अधिकारियों को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा निर्माण कार्यों से जुड़े अधिकारी पूरी तत्परता और सजगता के साथ कार्य करें। विशेषकर जिले की पुल-पुलिया, रपटा और नदी-नालों की निगरानी की जाए तथा जल बहाव वाले स्थलों को चिन्हित कर दोनों ओर सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाएं। इस कार्य में पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, उनकी ड्यूटी लगाई जाए। आपदा संभावित क्षेत्रों में पूर्व तैयारी करने, राहत सामग्री व संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटने सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।


बॉक्स~ तीन दिनों बाद मिला बालक का शव

राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र के लोहारिन टोला के 4 वर्षीय बालक जीतेश पिता लखन सिंह का शव लोहारिन नाला से मंगलवार की सुबह 5.15 बजे ढूंढ निकाला गया। ग्रामीणों ने शव को देखते ही परिजनों व पुलिस को सूचना दी। दरअसल जीतेश अपने चाचा के साथ बाइक पर बैठकर पास के लोहारिन नाला घूमने आया था। तभी चाचा उसे वहां खेल रहे दो-तीन बच्चों के पास छोड़कर स्वयं शौच के लिए चला गया। लेकिन शौच कर वापस आया तो वहां उपस्थित बच्चों ने उसे बताया कि जीतेश नदी के पानी में डूब गया। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तथा पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम के साथ पिछले दो दिनों से खोजबीन कर ढूढने का प्रयास किया था।

# कोतमा क्षेत्र में कबीरपंथी धर्मगुरु उदितमुनि नाम साहेब का सत्संग प्रवास

## अनुयायियों से की मुलाकात, कई स्थानों पर रात्रि विश्राम कर दिया मानवता और सत्य का संदेश

**विजय मत, बिजुरी**



कबीरपंथ समुदाय के पूज्य धर्मगुरु प्रकाशमुनी नाम साहेब के सुपुत्र उदितमुनि नाम साहेब इन दिनों सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवास पर निकले हुए हैं। बीते एक माह से वे सतत रूप से विभिन्न ग्रामों और नगरों का भ्रमण कर अनुयायियों से भेंट कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कोतमा क्षेत्र सहित कई स्थानों में सत्संग, संवाद और रात्रि विश्राम किया।उदितमुनि नाम साहेब ने अपने प्रवास के दौरान कोतमा क्षेत्र के मझौली गांव में रामरतन महरा के निवास पर पहुँकर स्थानीय कबीरपंथी अनुयायियों से भेंट की, जहाँ श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत चुकान, झिरिया टोला और बिजुरी नगर के वार्ड क्रमांक 14 (सोमनाटोला) में भी सत्संग किया।इन सत्संग कार्यक्रमों में कबीर वाणी, भजन और प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने मानवता, प्रेम, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कई अनुयायियों के घरों में भी व्यक्तिगत रूप से जाकर संवाद किया और रात्रि विश्राम कर सामाजिक आत्मीयता का उदाहरण प्रस्तुत किया।उदितमुनि नाम साहेब के इस प्रवास को लेकर कबीरपंथ अनुयायियों में विशेष उत्साह और भक्ति भाव देखा गया। सत्संग स्थलों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। धर्मगुरु ने अपने प्रवचनों में समाज में भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द और आत्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने की बात कही।यह आध्यात्मिक यात्रा क्षेत्र में न केवल धार्मिक प्रेरणा का केंद्र बनी, बल्कि समाज में समरसता और सद्भाव का भी संदेश लेकर आई।

### जनसुनवाई में 136 आवेदकों के आवेदनों में की गई सुनवाई

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जरए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने आमजनता के 136 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का संवेदनशीलता से निराकरण करके सात दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदक को भी आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जनसुनवाई में गोलू बसदेवा निवासी नगर परिषद बैकुंठपुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए भूमि आवंटन का आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नायब तहसीलदार बैकुंठपुर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। शिवम मिश्रा निवासी ग्राम देवरी जिला सतना ने विन्ध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड कंपनी में कार्यरत उनके पिता गोकरण प्रसाद मिश्रा की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति देने तथा अन्य हितलाभ प्रदान करने के लिए आवेदन दिया।

# कलेक्टर ने आवेदकों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों से निराकरण के दिए निर्देश



### जनसुनवाई में 62 आवेदकों ने लगाई अपनी अर्जी

**विजय मत, अनूपपुर**

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 8 जुलाई को नर्मदा सभागार में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपने आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 62 आवेदकों ने अपनी समस्याएं बताई। जनसुनवाई में जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, एसडीएम कमलेश पुरी, एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में वार्ड क्रमांक 04 कोतमा की गुलाब तिवारी ने पट्टे की भूमि का नक्शा तरमीम कराने, ग्राम परसवार अनूपपुर के कौशल प्रसाद प्रजापति ने विद्युत ट्रांसफार्मर में सुधार किए जाने तथा अन्य आवेदकों ने भूमि का सीमांकन कराने, दिव्यांग पेंशन दिलाए जाने, समग्र आईडी में सुधार कराए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# कूलर, गमले, पुराने टायर में पानी जमा होने पर पनपते हैं डेंगू के मच्छर

**विजय मत, रीवा**

वर्षाकाल में दूषित पानीए दूषित भोजन से उल्टी दस्त का प्रकोप होता है। वर्षाकाल में घरों के आसपास जमा पानीए अनुपयोगी बर्तनोंए टायरों आदि में जमा पानी में मच्छर पनपते हैं। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने कहा है कि इस माह को डेंगू जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। घर के आसपास साफसफाई रखकर मच्छरजनित रोगों से बचाव करें। घरों में गमलेए पुराने टायरोंए कूलर आदि में पानी जमा न होने दें। पानी एकत्रित करने वाले बर्तनों को तीन.चार दिन के अंतराल से साफकरते रहें। कूलरए फ्रिज की आईस ट्रे एवं पानी जमा होने के अन्य संभावित स्थलों की नियमित साफसफाई करें। इनसे मच्छरों को पनपने का अवसर नहीं मिलेगा और डेंगू तथा मलेरिया का खतरा कम होगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। घरों के आसपास कूलरए पुराने टायरए टूटे बर्तनों आदि में पानी जमा न होने दें। इस संबंध में लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रीवा शहरए गंगेवए सिरमौरए मऊगंजए गोविंदग?ए त्योंथरए रायपुर कर्चुलियान में डेंगू के मरीज मिले हैं। यदि किसी घर में मच्छर काटने से मलेरिया का प्रकोप होता है तो उसका दूसरे स्थान पर संक्रमण नहीं होता है। लेकिन डेंगू पैदा करने वाले मच्छर एक व्यक्ति को काटने के बाद पूरे क्षेत्र में तेजी से प्रजनन करता है ।

# पुलिस कर्मियों की सोशल एक्टिविटी पर नजर रखेगा विभाग

## रील बनाकर सोसल मीडिया में शेयर पर होंगी कार्यवाही

**विजय मत, सीधी**




रीवा रेंज के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने आदेश जारी कर पुलिस कर्मियों को रील बनाकर सोशल मीडिया में शेयर करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस अधीक्षकों को जारी आदेश क्रमांक 360, दिनांक 6 जुलाई 2025 में कहा गया है कि प्रायः देखा जा रहा है कि अत्यधिक पुलिसकर्मी वर्दी में अथवा सिविल में अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल/अपलोड करते हैं। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहकर किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा किया जाना अनुशासन के सर्वथा विपरीत होकर उसकी पद एवं गरिमा के भी प्रतिकूल है जिससे आज जनता के मध्य पुलिस की छवि पर भी अत्यधिक प्रतिकूल परिलक्षित होता है।

अतः अधीनस्थ समस्त पुलिस कर्मियों को कड़ी हिदायत दें कि विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी ऐसी पोस्ट सोशल मीडिया पर न प्रेषित करें जिससे पुलिस विभाग की गरिमा को छति पहुँचे। इसी प्रकार किसी भी स्तर के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा स्वयं की कोई रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाए, यह सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में इस किस्म की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाएं अथवा कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजेंए जिसके लिये वह कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होगा। अत~ उक्त आशय के सख्त निर्देश सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को देकर इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

थाना प्रभारियों को निर्देशित करें कि वे यह निर्देश सभी कर्मचारियों को 3 दिवस तक रोलकाल में पढ़कर सुनाएं और इस आशय की रिपोर्ट रोजनामचा में भी दर्ज करें।

**कार्यवाही**

## कुसमी पुलिस के जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए सभी ट्रैक्टरों को मौके से जब्त किया

# गोतरा में अवैध रेत का परिवहन करते चार ट्रैक्टर किए जप्त, चालक फरार

**विजय मत, सीधी**



जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोतरा गांव में लंबे समय से चल रहे अवैध रेत खनन के गोरखधंधे पर नवागत थाना प्रभारी कप्तान सिंह ने करारा प्रहार किया है। मंगलवार शाम करीब 4 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गोपद नदी के पास दबिश दी, जहां अवैध रूप से रेत भरकर ले जा रहे चार ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़ा गया।

पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गए, लेकिन कुसमी पुलिस के जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए सभी ट्रैक्टरों को मौके से जब्त किया और उन्हें थाना परिसर तक ले आए। ये सभी वाहन बिना नंबर प्लेट के थे।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जब्त ट्रैक्टरों में ट्रेक्टर स्वराज कम्पनी बिना नं., आरोपी चालक कृषिकेश गुप्ता पिता सत्यनारायण गुप्ता निवासी गोतरा अपराध क्र0 110/23 धारा 303(2) 317(3) ब्हृस-4/21 खनिज अधिनियम 1952- जप्ती टेक्टर मय रेत कीमत-60500रू, बिना नंबर आयसर ट्रैकर आरोपी आशीष पिता लक्ष्मी नारायण गुप्ता सा0 गोतरा अप.क. 109/25 धारा 303(2) 317(3) ब्हृस 4/21 खान खनिज अधि. 1952 - जप्ती ट्रेक्टर मय रेता 405000=00रूपये बिना नंबर टेक्टर महिन्द्रा आरोपी चालक घेराबन्दी दौरान गाडी छोड़कर भाग गया अप0 108/25 धारा330(2) 317(3) ब्हृस, 4/21 खान खनिज अधि, 1952, जप्ती टेक्टर मय रेत 605000, जान डियर एमपी 17 ए ए 6888 आरोपी चालक प्रदीप शुक्ला पिता रमेश प्रसाद शुक्ला सा0 गोतरा थाना कुसमी अप0 107/25 धारा 303. (2)317(3) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम 1952 - जप्ती रेता कीमत 605000 रुपए को जप्त किया गया है।

### कार्यवाही टीम में ये रहे शामिल

कुसमी थाना के गोतरा में गोपद नदी से रेत की अवैध निकासी करने वाले चारों ट्रैक्टर को पकड़ने में थाना कुसमी के सहायक उपनिरीक्षक नंद प्रकाश सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश प्रजापति, रामेश्वर सिंह, हृदय लाल धड़कन, आरक्षक दिनेश सिंह, दिनकर दुबे, विवेक राठौर, अक्षय तिवारी, अभिषेक यादव की भूमिका सराहनीय रही।

### इनका कहना है

अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की गई है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही हिरासत में लेकर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। गोतरा और आसपास के क्षेत्रों में चल रहे अवैध रेत खनन के नेटवर्क को चिन्हित कर समूल नष्ट किया जाएगा।

**कप्तान सिंह**
**थाना प्रभारी कुसमी।**

### अशोकनगर की घटना पर ''चोरी और सीनाजोरी'' कर रहे हैं जीतू पटवारी

# पूरी तरह से फेल रहा अशोकनगर में कांग्रेस का फूहड़ प्रदर्शन : विश्वास सारंग

- कांग्रेस विधायक द्वारा ''हिजड़ा'' शब्द का प्रयोग क्या कमलनाथ और अरूण यादव के लिए हैं?
- गुटों और गिरोह में बंटी कांग्रेस पार्टी समाज में अराजकता फैला रही है
- बिना तथ्यों के झूठी खबरें फैलाने के दोषी हैं जीतू पटवारी



विजय मत, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने अशोकनगर में कांग्रेस के असफल प्रदर्शन को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से फूहड़तापूर्ण प्रदर्शन की कोशिश की थी, वह पूरी तरह से फेल हो चुका है। इस मामले में कांग्रेस और जीतू पटवारी का रवैया ''चोरी और सीनाजोरी'' करने वाला है। जीतू पटवारी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने और अपनी छवि चमकाने के लिए बिना तथ्यों के सनसनीखेज खबर फैलाने के दोषी हैं। कांग्रेस के कथित प्रदर्शन में उनके विधायक साहब सिंह गुर्जर ने ''हिजड़ा'' शब्द का प्रयोग क्या प्रदर्शन में शामिल नहीं होने वाले कमलनाथ, अरूण यादव और अजय सिंह के लिए प्रयोग किया है?

#### पं. नेहरू से लेकर राहुल तक संविधान की धज्जियां उड़ाती रही कांग्रेस

प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा संविधान की धज्जियां उड़ाना कोई नई बात नहीं है। पं. नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक संविधान को अपमानित करते रहे हैं। नेहरू जी के समय जब फीरोज गांधी ने भ्रष्टाचार को उजागर किया था, तब संविधान की धज्जियां उड़ाई गई थी। इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाना, समाज में भय का माहौल पैदा करके जबरदस्ती नसबंदी कराना संविधान का अपमान नहीं तो क्या था? राजीव गांधी द्वारा शाहबानो प्रकरण के माध्यम से संविधान का अपमान करना और कोर्ट की अवमानना करना क्या था? राहुल गांधी ने मनमोहन सरकार के समय संसद से पारित प्रस्ताव को फाड़ देना, नेशनल हेराल्ड मामला जिसमें करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ।

#### 114 से 63 पर आई, अब 10 पर भी नहीं पहुंचेगी कांग्रेस

प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा कल से प्रदेश में यह माहौल बनाया जा रहा था कि हमें रोका जा रहा है। कांग्रेस के लोग अधिकारियों से कह रहे हैं कि हमारी सरकार आएगी, तब तुम्हें देख लेंगे। धमकाने और चमकाने की ऐसी ही राजनीति कमलनाथ ने भी की थी और कांग्रेस 114 से घटकर 63 पर आ गई। सारंग ने कहा कि मैं ये दावा करता हूं। पहले तिहाई में थे, फिर दहाई में पहुंचे और अगर कांग्रेस के नेता ऐसी ही बातें करते रहे, तो 10 तक भी नहीं पहुंच पाएंगे, इकाई में ही सिमट जाएंगे। नेता कह रहे हैं हमें यहां रोक लिया, वहां रोक लिया। किसी को कहीं भी नहीं रोका गया। वास्तव में कांग्रेस की गुटबाजी और कबीलों की राजनीति आज फिर उजागर हो गई है।


#### स्वयं को कानून और संविधान से ऊपर मानना कांग्रेस नेताओं के डीएनए में

प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस के विधायक साहब सिंह गुर्जर ने अशोकनगर में कांग्रेस के कथित प्रदर्शन में शामिल नहीं होने वाले कांग्रेस नेताओं के लिए अनर्गल व आपत्तिजनक ''हिजड़ा'' शब्द का उपयोग किया है। क्या यह ''हिजड़ा'' शब्द कांग्रेस नेता कमलनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव के लिए है, जो इस कथित प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए हैं। यह प्रदर्शन कांग्रेस की गुटबाजी का प्रबल उदाहरण प्रस्तुत करता है। पहले चोरी और ऊपर से सीना जोरी, स्वयं गलती करो और उसे छिपाने के लिए कानून और संविधान को धता बताना, स्वयं को कानून और संविधान से ऊपर मानने का गुरूर कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के डीएनए में रहा है। उन्होंने कहा कि जिस मंच पर दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी जैसे नेता बैठे हों।

***जीतू पटवारी ने प्रशासन को धमकाया, युवाओं का किया अपमान...*** *प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जीतू पटवारी ने मीडिया की सुर्खियों में आने के लिए अशोकनगर की घटना को गलत ढंग से प्रस्तुत किया। उनका यह कृत्य निश्चित रूप से गैरकानूनी था। उन्होंने जिस प्रकार सोशल मीडिया पर जिला कलेक्टर से स्पीकर ऑन करके बात की, जिस तरह से दादागिरी और चमकाने की भाषा का प्रयोग किया उसके माध्यम से जीतू पटवारी संभवतः यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि अब मैं बहुत बड़ा नेता हो गया हूं। हद तो तब हो गई जब उन युवाओं को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के लिए यह झूठी बात कही गई कि उन्हें मल खिलाया गया है। इस तरह की घटनाएं अगर होती भी हैं, तो पीड़ित की पहचान उजागर नहीं की जाती, क्योंकि इससे उसके साथ-साथ उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। जीतू पटवारी ने इस तरह की झूठी खबर फैलाकर न सिर्फ कानून अपने हाथ में लिया, बल्कि प्रदेश का सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की भी कोशिश की। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी जब गजराज व रघुराज*

## मध्यप्रदेश देश के सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में अग्रणीः राजेन्द्र शुक्ल

### एमपी तक 'बैठक' कार्यक्रम में हुए शामिल



विजय मत, भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। आज यह संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इस वर्ष दो और मेडिकल कॉलेज शुरू हो रहे हैं और आगामी वर्ष में छह नए कॉलेजों की शुरुआत प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निजी स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में निवेश को भी प्रोत्साहित कर रही है, जिससे चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं दोनों स्तरों पर सशक्त हो सकें। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुलभ हो और इसके लिए हर संभव संसाधन पर कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल भोपाल के एक निजी होटल में एमपी तक के विशेष कार्यक्रम बैठक में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के विकास, स्वास्थ्य व्यवस्था के सशक्तीकरण, विंध्य क्षेत्र के विकास और अन्य समसामयिक विषयों पर विस्तार से संवाद किया।

#### अंगदान-देहदान को किया जा रहा है प्रोत्साहित

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा का संचालन किया गया है। यह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल है। इसके अलावा उन्होंने अंगदान और देहदान की समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अंगदाताओं और देहदाताओं को 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर श्रद्धांजलि दी जाएगी और परिजन को स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित भी किया जाएगा। यह एक मानवीय पहल है जो समाज में सेवा की भावना को बढ़ाएगी।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। विंध्य क्षेत्र में प्राकृतिक क्षमता और अपार संभावनाएं रही हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति से संसाधनों को सुदृढ़ करने और समुचित उपयोग से क्षेत्र का तेज गति से विकास हुआ है। विंध्य क्षेत्र में चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन, उद्योग और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में सशक्त प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में विंध्य क्षेत्र भारत के विकसित क्षेत्रों में अग्रणी हो, इसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

***टेलीमेडिसिन से गांवों तक पहुँच रही विशेषज्ञ सेवा...*** *उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में टेलीमेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को फर्स्ट रेफरल यूनिट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को जिला अस्पताल तक बार-बार न जाना पड़े और उन्हें वहीं इलाज मिल जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक तीनों स्तरों की स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत तकनीकों और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने की दिशा में तेज़ी से कार्य किया है।*

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय रेल मंत्री वैष्णव के पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊ लाल वैष्णव के निधन पर गहन दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैष्णव परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को यह दु:ख सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि स्व. वैष्णव बीते कुछ दिनों से गंभीर रूप से अस्वस्थ थे और उनका जोधपुर स्थित अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज चल रहा था।

### 5163 करोड़ की लागत से होगा विद्युत ट्रांसमिशन सिस्टम का सुदृढ़ीकरण: ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्ता पूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत ट्रांसमिशन सिस्टम का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। इसके लिए वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक की कार्य योजना बनायी गयी है। इस योजना के रि यान्वयन पर 5 हजार 163 करोड़ रूपये का व्यय अनुमानित है। ट्रांसमिशन सिस्टम के सुदृढ़ीकरण के लिए निर्माण कार्यों और संरचनाओं के उन्नयन पर 1154 करोड़, सिंहस्थ-2028 के लिए जरूरी कार्यों के लिए 185 करोड़, नवीन अति उच्चदाव उप केन्द्रों के निर्माण पर 1015 करोड़, मुरैना संभागीय मुख्यालय एवं ग्वालियर शहर के उत्तरी भाग को अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए नवीन अति उच्चदाब लाइनों के निर्माण पर 54 करोड़, प्रदेश में विद्यमान अति उच्चदाव ट्रांसफार्मरों की क्षमता संवर्धन पर 1280 करोड़, आरडीएसएस योजना में वितरण कंपनियों के लिए 184 नग नवीन 33 के.व्ही. में निर्माण पर 81 करोड़, डबल पोल, फोर पोल लाइन को टॉवर लाइन में रूपांतरण पर 662 करोड़ अति उच्चदब टेप लाइनों के स्थान पर लाइनों का लूप-इन, लूप-आउट किया जाना एवं एकल स्त्रोत से प्रदायित उप केन्द्रों के लिए नई लाइनों के निर्माण पर 451 करोड़ और स्काडा प्रणाली के प्रतिस्थापन सहित अन्य कार्यों पर 281 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

### शासकीय शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड, विद्यार्थी कर सकेंगे 30 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन

**भोपाल।** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन ह्ल्ह्वद्बद्बक्ष्ठ पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे। इस वर्ष ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय में ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी। ओलंपियाड के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र और शालाओं को प्रेषित किए है। कक्षा 2 और 3 में प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित होंगे। कक्षा 6 से 8 में जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर सर्वाधिक अंको के आधार पर 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने ओलंपियाड प्रतियोगिता के आयोजन के लिये जिला कलेक्टर्स और राज्य शिक्षा केन्द्र अधिकारियों को भी निर्देश जारी किये है।

## समय सीमा में पूरा करें निर्माणाधीन और स्वीकृत मार्गः कृष्णा गौर

विजय मत, भोपाल



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि सड़कों के निर्माण को तय समय सीमा में पूरा करें। राज्यमंत्री गौर मंगलवार को मंत्रालय में गोविंदपुरा क्षेत्र के सड़कों के निर्माण प्रगति की समीक्षा कर रही थी। राज्यमंत्री गौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की नई बन रही सड़कों के निर्माण के साथ ही बिजली पोल लगाने का कार्य भी करें, क्योंकि सड़क तो बन जाती है, लेकिन मार्ग पर अंधेरा रहने से जनता को परेशानी होती है। अधिकारियों ने बताया कि जे के रोड का निर्माण कार्य जल्दी पूरा हो जाएगा। सेंट्रल ब्रिज व रेलिंग का कार्य 31 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। जेके रोड पर चल रहे निर्माण कार्य में कवर्ड नाली में बड़े-बड़े पत्थर पड़े होने पर राज्यमंत्री गौर ने नाराजगी व्यक्ति की। राज्यमंत्री गौर ने नाली सफाई और सड़क पर से मिट्टी और मलवा को हटाने के निर्देश दिए। बिजली के पोल का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने शटडाउन का टाइम बढ़ाकर कार्य को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। आनंद नगर फ्लाईओवर के कार्य में देरी पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर का कार्य अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। नाली बन चुकी है, दो स्लैब डल चुके हैं, चार बाकी हैं।

## आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचायें

**भोपाल।** आकाशीय बिजली यानि वज्रपात से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम-जन इन निर्देशों को अपनाकर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली या वज्रपात से आउटडोर यथा बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है और यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

## मध्यप्रेदश ग्रोथ कॉन्क्लेवः समृद्ध और विकसित शहर बनेंगे प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव रियल एस्टेट दिग्गज करेंगे शहरी विकास के ब्लूप्रिंट पर मंथन

विजय मत, भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। समृद्ध और विकसित शहर, प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे। इसे साकार करने के लिए मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। नेक्स्ट होराइजन- बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमॉरो थीम पर केन्द्रित कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के शहरी विकास और निवेश पर देश की रियल एस्टेट सेक्टर के दिग्गज विकसित मध्यप्रदेश@2047 के लिए शहरी विकास के ब्लूप्रिंट पर चर्चा करेंगे।

मध्यप्रदेश में शहरी अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है। प्रदेश में 4 शहर ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या 10 लाख से अधिक है। साथ ही केन्द्र की स्मार्ट सिटी परियोजना में 7 शहर शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में अधो-संरचाना विकास के संबंधित 72 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी के साथ करीब 88 हजार करोड़ रुपये की शहरी क्षेत्र से जुड़ी विकास योजनाएं प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश ने स्वच्छता के लिये देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इंदौर देश में पिछले 7 वर्षों से स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में पहले नम्बर पर रहा है। भोपाल को देश की दूसरे नंबर की स्वच्छतम राजधानी बनने का गौरव हासिल किया है। प्रदेश के बजट में शहरी क्षेत्र के विकास के लिए 15 हजार 780 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में शहरी क्षेत्र का योगदान 35.55 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में संचालित केन्द्र की फ्लैग शिप योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों शामिल है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण - 2025 के लेकर सीईओ ने की समीक्षा बैठक

## गांवों के स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धितों को दिए निर्देश

विजय मत, भोपाल




आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण - 2025 को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल श्रीमती इला तिवारी ने मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में ए.डी.ई.ओ.पी.सीओ. एवं ब्लॉक समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण - 2025 के अंतर्गत निर्धारित बिन्दुओं के तहत गांवों में दृश्य स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ सिटीजन फीडबैक, दीवार लेखन के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन एवं कचरा गाड़ी का निरन्तर संचालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इस सम्बन्ध में समस्त ए.डी.ई.ओ., पी.सी.ओ. को उनके क्लस्टर की पंचायतों में मैदानी स्तर पर उपस्थित रहते हुए निगरानी किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। सर्वेक्षण अंतर्गत गांवो में सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता, सेग्रीग्रेशन शेड का संचालन,शासकीय संस्थाओं में शौचालय की क्रियाशीलता के साथ-साथ नाडेप की साफ-सफाई, सोक पिट, लीच पिट एवं नालो एवं सिल्ट चैम्बरों की साफ-सफाई के कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाना है।

## सिया में डीम्ड परमिशन का मामला केंद्रीय मंत्रालय पहुंचा, दो आईएएस अफसरों पर आरोप

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में परियोजनाओं को पर्यावरणीय स्वीकृति देने में हुई अनियमितताओं की शिकायत अब केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय तक पहुंच गई है। इस संबंध में सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई है, जिससे दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों - नवनीत कोठारी और उमा आर. माहेश्वरी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मामला एमपी स्टेट एन्वायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, प्रभारी सदस्य सचिव बनाए गए श्रीमन शुक्ला ने 23 और 24 मई को कुल 450 मामलों में पर्यावरणीय मंजूरी जारी की।

## अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

विजय मत, भोपाल




नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद भोपाल के पालिका भवन स्थित संचालनालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर निर्वतमान अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला भी उपस्थित थे।

अपर मुख्य सचिव दुबे ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर 11 जुलाई को होने वाले एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी ली। प्रदेश के शहरी क्षेत्र के विकास में यह कॉन्क्लेव बहुत महत्वपूर्ण है। आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

अपर मुख्य सचिव दुबे ने निर्देश दिए कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। योजनाओं में प्रगति लाने के लिये प्रत्येक सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**विजय मत एंकर** — राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बिन्दुओं पर टास्क फोर्स की बैठक में हुई चर्चा

## प्राईवेट स्कूलों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग हो : सिंह

विजय मत, भोपाल



स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध प्राईवेट स्कूलों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और शिक्षा की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिये विश्वसनीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप आधुनिक कृषि के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों को कृषि संकाय को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है। उन स्कूलों में, जिनके पास दो एकड़ से अधिक भूमि है, वहां प्राथमिकता के साथ कृषि संकाय शुरू किये जा सकते है। स्कूल शिक्षा मंत्री मंगलवार को मंत्रालय में नई शिक्षा नीति 2020 की टास्क फोर्स समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षकों की आकस्मिक मृत्यु पर परिजन को नौकरी देने की व्यवस्था में सुधार के लिए उपयुक्त सुझाव देने के लिए कहा।

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पढ़ाई की तैयारी करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिये जाने की आवश्यकता है। यह काम पायलट प्रॉजेक्ट के तौर पर अलीराजपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर और उज्जैन जिले में शुरू किये जाएं। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के पढ़ाने से बच्चे सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा के पूर्व कक्षाओं में पढ़ाई के लिये तैयार होकर जाएंगे। उन्होंने राज्य शैक्षणिक अनुसंधान केन्द्र (एससीईआरटी) को मजबूत किये जाने के लिए संचालक की अध्यक्षता में कमेटी गठन करने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के मूल्याकंन के लिए शिक्षाविदो के साथ आगामी 29 जुलाई को बैठक भी की जाए। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2020 में नई शिक्षा 2020 की घोषणा की थी। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों में त्रिभाषा फॉरमूला को सख्ती लागू करने के निर्देश दिये।

बैठक में ई-अटेंडेस, हमारे शिक्षक, डिजिटल प्लेटफार्म के क्रिन्यान्वन पर चर्चा की गई। मंत्री सिंह ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिये ?सबको इसकी परिधि में लाना चाहिए। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए स्कूल में रेमेडियल मॉड्यूल भेजे गए थे। आयुक्त ने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र में सरकारी स्कूलों में लगभग शत प्रतिशत पाठ्य पुस्तके पहुँचा दी गई थीं।

टास्क फोर्स के सदस्यों ने स्कूलों और पालकों को मातृभाषा के महत्व को समझाने, पालकों की नियमित बैठक, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध उपयोगी सुझाव दिए।

## जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

### जनसुनवाई में 141आवेदन प्राप्त हुए




विजय मत, भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 141 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम,प्रकाश नायक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## योगराज बोले-टीम को बेहतर बना रहे गंभीर, शुभमन की भी प्रशंसा की

**चंडीगढ़, एजेंसी**



पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम के कप्तान शुभमन गिल की प्रशंसा की है। योगराज ने कहा कि अब गंभीर के आलोचकों को जवाब मिल गया होगा। उन्हें ये मानना होगा कि कोच टीम को बेहतर ही बना रहे हैं। टीम ने जिस प्रकार का प्रदर्शन करते हुए विदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उससे ये बात साबित होती है। योगराज ने ये बातें दूसरे टेस्ट में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम को मिली 336 रनों की बड़ी जीत के बाद कही हैं। वहीं पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। उस हार के बाद गंभीर पर कई लोगों ने निशाना साधा था। योगराज ने कहा, खिलाड़ियों के खिलाफ बातें करना भी गलत है जबकि देखा जाये तो खिलाड़ी लगातार बेहतर हो रहे होंगे। खिलाड़ी निखर रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए किसी खिलाड़ी को लेकर ये कहना कि उसे बाहर करे, या उसे क्यों लिया गया नहीं कहना चाहिए।

योगराज का मानना है कि गौतम गंभीर, युवराज सिंह और राहुल द्रविड़ जैसे पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय क्रिकेट को कुछ न कुछ दे रहे हैं, इसलिए उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। योगराज ने कहा, गंभीर के बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए।

## टीम को बुमराह का सामना करने तैयार रहना होगा: स्टोक्स

**बर्मिंघम, एजेंसी**



इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने मना है कि अब तीसरे टेस्ट में उनकी टीम को जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी का सामना करने तैयार रहना होगा। बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। इसके बाद भी मेजबान टीम को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अब स्टोक्स तीसरे टेस्ट में कोई कसर नहीं रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथियों को लॉर्ड्स में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज की विविधता के लिए तैयार रहना होगा हालांकि उन्होंने स्वीकार किया है कि बुमराह जैसे गेंदबाजी नेट्स में नहीं की जा सकती है। इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से हार का सामना करना पड़ा थ। वहीं बुमराह 10 जुलाई से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने इसी को लेकर कहा, ' हम एक-दूसरे के खिलाफ इतनी बार खेलते हैं जिससे आपको पता होता है कि आपका सामना किससे होगा इसलिए आप ट्रेनिंग के दौरान उसी को लेकर अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा, 'कोच और ट्रेनर के साथ आप जो कर सकते हैं उसे करने के प्रयास करें, क्रीज पर बाहर की तरफ से गेंदबाजी का सामना करें।

## क्या आईसीसी वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप में पीसीबी को जगह मिलेगी?

**दुबई, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की योजना विश्व की लोकप्रिय टी20 क्रिकेट लीग की टीमों के बीच वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप का आयोजन करना है। इसमें पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को शायद ही शामिल किया जाये। इसका कारण ये है कि इस इवेंट के लिए हुई बैठक में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपना प्रतिनिधि नहीं भेजा था जबकि उसे आमंत्रण दिया गया था जिसके बाद से ही आईसीसी उससे नाराज है।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजन इस बैठक में प्रमुख टी20 फ्रेंचाइजी-आधारित लीगों के सीईओ शामिल हुए थे। इस , ÷बैठक में प्रस्तावित वर्ल्ड क्लब्स चैंपियनशिप, इसकी विंडो, फॉर्मेट, शेड्यूल आदि पर बात हुई थी। इसमें एमिरेट्स लीग, बिग बैश लीग, द हंड्रेड, एस20, एलएलसी, कैरेबियन प्रीमियर लीग आदि के सीईओ शामिल हुए थे।

शुरुआत में वर्ल्ड क्लब्स इवेंट में पांच टीमें होंगी हालांकि इसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कोई टीम भाग नहीं लेगी पर उसे पीएसएल का समर्थन रहेगा। वर्ल्ड क्लब्स चैंपियनशिप को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे कि प्रस्तावित सऊदी क्रिकेट लीग का मुकाबला किया जा सके। सऊदी लीग को 400 मिलियन डॉलर की के साथ निजी निवेशक शुरु करने का प्रयास कर रहे हैं। वे हर साल टेनिस ग्रैंड स्लैम इवेंट्स की तर्ज पर अपनी लीग को आयोजित करना चाहते है।

## क्रॉली भाग्यशाली है जो अब तक टीम में हैं: वॉन

**लंदन, एजेंसी**

### शुभमन से उन्हें सीखने की जरुरत



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टीम के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जतायी है और कहा है कि किस्मत अच्छी होने के कारण ही वह अब तक टेस्ट टीम में बने हुए हैं। क्रॉली का इस सीरीज में अब तक के दोनो ही मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इसके साथ यह भी सुझाव दिया कि क्रॉली को भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी रणनीति को देखकर अपने खेल कौशल में सुधार करना चाहिए।

वॉन ने सोशल मीडिया में लिखा, ''पिछले कुछ सालों में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने प्रशंसकों को निराश किया है। इनमें मैं भी शामिल हूं वह क्रॉली सबसे ज्यादा निराश करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें मैं याद कर सकता हूं। जब से मैंने इंग्लैंड की क्रिकेट को करीब से देखा है तब से वह सबसे भाग्यशाली खिलाड़ी है जिसे लगातार विफल होने के बाद भी इतने अधिक टेस्ट मैच खेलने को मिले।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए कि उन्होंने 56 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने केवल पांच शतक बनाए हैं और उनका औसत 31 का है। टेस्ट इतिहास में 2,500 से अधिक रन बनाने वाले सभी सलामी बल्लेबाजों में उनका औसत सबसे कम 30.3 है।''

वॉन ने गिल का उदाहरण देते हुए कहा, ''बदलाव संभव है। शुभमन को ही देख लीजिए। इस सीरीज से पहले उनका औसत 35 था और अब और चार पारियों के बाद उनका औसत 42 है। उन्होंने अपनी मानसिकता और रणनीति के कारण ऐसा किया है।

## लॉर्ड्स टेस्ट में बुमराह की वापसी तय सुंदर की जगह शार्दूल को मौका संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### इंग्लैंड से आर्चर-एटकिंसन खेल सकते हैं



एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने बर्मिंघम टेस्ट को 336 रन से जीतकर वापसी की। इससे पहले भारत को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। 5 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में 10 से 14 जुलाई तक खेला जाएगा। क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस मैदान की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, लेकिन पिछले महीने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के आखिरी तीन दिन बैटर्स को भी मदद मिली थी।

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलियन बॉलर्स के खिलाफ 3 सेशन में 282 रन का टारगेट चेज करके वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का टाइटल जीता। 11 से 14 जून के बीच खेले गए इस मुकाबले के शुरुआती ढाई दिनों में तीन पारियां खत्म हो गईं। इसके बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती गई। भारत-इंग्लैंड तीसरे टेस्ट के लिए भी इसी तरह के कंडीशंस देखने को मिल सकती हैं।

भारतीय बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की गुंजाइश न के बराबर है। सीरीज में चार भारतीय बैटर्स 200 से ज्यादा रन बना चुके हैं। ओपनर्स अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। पिछले दो मैचों में भारत की ओपनिंग जोड़ी 456 रन बना चुकी हैं। यशस्वी जायसवाल ने एक शतक और एक फिफ्टी के सहारे 220 रन बनाए हैं, जबकि केएल राहुल ने 236 रन बनाए हैं। उनके नाम भी एक शतक और एक अर्धशतक है।

इन दोनों के अलावा, कप्तान शुभमन गिल 3 शतक के सहारे 585 रन बनाकर सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उप कप्तान ऋषभ पंत ने दो शतक सहित 342 रन बनाए हैं।

ऑलराउंडर्स में एक बदलाव संभव, सुंदर की जगह शार्दूल को मौकारवींद्र जडेजा ने बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 89 और नाबाद 69 रन बनाए थे। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में अहम मौके पर बेन स्टोक्स का विकेट दिलाया था। ङ्घञ्ज्रष्ट फाइनल में लॉर्ड्स की पिच का बिहेवियर देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह शार्दूल ठाकुर को मौका दिया जा सकता है।

पिछला मैच जीतने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की पुष्टि की है। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लाया जा सकता है। प्रसिद्ध पिछले मैच में 111 रन देकर एक भी विकेट ही ले सके थे। मोहम्मद सिराज दूसरे और आकाश दीप तीसरे पेसर होंगे।

## यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया, वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके

### सीरीज 3-2 से भारत ने जीती

**वॉर्सेस्ट, एजेंसी**



भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

भारत की खराब शुरुआत, कप्तान आयुष एक रन ही बना सके भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन ) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला।

यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए। आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और टीम के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स फ्रैंच और राल्फी एलबर्ट ने 2-2 विकेट झटके। मैथ्यू फिरबैंक, सेबस्टियान मॉर्गन, एलेक्स ग्रीन और एकांश सिंह को एक-एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82 रन, बीजे डॉकिन्स के 66 रन और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े।

# बिजनेस

## घरेलू वेज थाली जून में 8 प्रतिशत सस्ती हुई, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर

### नॉन-वेज थाली की कीमत में भी 6 प्रतिशत गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8 प्रतिशत घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून - 2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3 प्रतिशत बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।

### आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से वेज थाली के दाम घटे

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24 प्रतिशत घटकर 32 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। प्याज के दाम में 27 प्रतिशत और आलू के भाव में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।

***नॉन-वेज थाली भी 6 प्रतिशत सस्ती हुई...*** *वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4 प्रतिशत बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।*

### चिकन के प्राइस गिरने से नॉन वेज थाली की कीमत घटी?

नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की गिरावट के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। वहीं, सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 19 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 6 प्रतिशत बढ़ी है, नहीं तो दोनों थाली और भी सस्ती हो सकती थी।

## मोबाइल प्लान होंगे महंगे, मीडियम और प्रीमियम यूजर्स होंगे प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मोबाइल यूजर्स के लिए साल के अंत तक टैरिफ का झटका आ सकता है। टेलीकॉम कंपनियां कॉल और डेटा प्लान में 10-12 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से मीडियम और हाई-वैल्यू ग्राहकों पर केंद्रित होगी, जबकि लो-वैल्यू यूजर्स पहले ही कीमतों की मार झेल चुके हैं। मई 2025 में देश में 74 लाख नए एक्टिव यूजर्स जुड़े, जो पिछले 29 महीनों में सबसे बड़ी मासिक वृद्धि है। यह लगातार पांचवां महीना है जब यूजर बेस में इज़ाफा हुआ है। इससे कंपनियों को टैरिफ बढ़ाने का आत्मविश्वास मिला है। जुलाई 2024 में कंपनियों ने बेस प्लान में 11 से 23 फीसदी तक की बढ़ोतरी की थी, जिसके चलते 2.1 करोड़ यूजर्स ने सेवाएं छोड़ दी थीं। हालांकि, अब एक बार फिर यूजर ग्रोथ तेज हो गई है, जिससे कंपनियां दोबारा कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। रिलायंस जियो ने मई में सबसे ज्यादा 55 लाख नए एक्टिव यूजर्स जोड़े और उसका बाजार शेयर 53 फीसदी तक पहुंच गया। वहीं एयरटेल ने 13 लाख नए यूजर्स जोड़कर 36 फीसदी हिस्सा हासिल किया। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कंपनियां केवल प्लान की कीमत नहीं बढ़ाएंगी, बल्कि डेटा लिमिट घटाकर अप्रत्यक्ष रूप से भी टैरिफ महंगे कर सकती हैं।

## सोना की कितों में गिरावट चांदी की कीमतों में उछाल



■ सोने के भाव 97,100 रुपए, जबकि चांदी लगभग 1,08,400 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत नरमी के साथ हुई जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मंगलवार को सोने के भाव 97,100 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,08,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन सोने के भाव बाद में गिर गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 98 रुपये की गिरावट के साथ 97,172 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,270 रुपये था। फिलहाल यह ¬152 रुपये की गिरावट के साथ 97,118 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 177 रुपये की तेजी के साथ 1,08,498 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,321 रुपये था। अभी यह 117 रुपये की तेजी के साथ 1,08,438 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,348.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,342.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,341.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.95 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.90 डॉलर था।

## सेंसेक्स 270 अंक ऊपर 83,713 पर बंद, निफ्टी 61 अंक चढ़ा

### बैंकिंग और रियल्टी शेयरों में तेजी, फार्मा और हेल्थकेयर में गिरावट रही

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 270.01 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,712.51 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी इंडेक्स भी 61.20 अंकों की तेजी के साथ ही 25,522.50 अंकों पर बंद हुआ। गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि शेष सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। इसी प्रकार निफ्टी की 50 में से 27 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही ऊपर आये जबकि शेष सभी 23 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 3.40 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि टाइटन के शेयर आज सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज एशियन पेंट्स 1.69 फीसदी , एनटीपीसी 1.64 फीसदी , बीईएल 1.20 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.94 फीसदी , एसबीआई 0.72 फीसदी , एचडीएफसी बैंक 0.72 फीसदी , इंफोसिस 0.69 फीसदी , एलएंडटी 0.68 फीसदी , टेक महिंद्रा 0.64 फीसदी , टाटा मोटर्स 0.64 फीसदी , पावरग्रिड 0.63 फीसदी , अल्ट्राटेक सीमेंट 0.55 फीसदी , बजाज फिनसर्व 0.54फीसदी , आईसीआईसीआई बैंक 0.42 फीसदी , बजाज फाइनेंस 0.31 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर ट्रेंट के शेयर में 1.12 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.85 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.81 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.72 फीसदी, सनफार्मा 0.41 फीसदी, टाटा स्टील 0.28 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.16 फीसदी, टीसीएस 0.16 फीसदी, भारती एयरटेल 0.11 फीसदी, एचसीएल टेक 0.11 फीसदी।

इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों में बढ़त के बीच ही घरेलू बाजार गिरावट के साथ लगभग सपाट स्तर पर खुला। अमेरिकी व्यापार नीतियों पर अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया । सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 83,387.03 पर खुला जो 10.05 अंक की गिरावट लेकर 83,432.45 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में लगभग सपाट लेवल 25,427.85 पर खुला । एशियाई बाजार मिलीजुली शुरुआत के बाद बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। जापान के निक्केई 225 बेंचमार्क में 0.21 फीसदी की बढ़त रही।

## अब यूपीआई ऐप खोले बगैर स्मार्ट उपकरण से कर सकेंगे भुगतान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत की तत्काल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का स्मार्ट अपग्रेड करने की योजना बनाई गई है। इससे बैंकिंग ऐप या यूपीआई ऐप खोले बगैर आपके स्मार्ट उपकरण जैसे टीवी, स्मार्टवॉच, कार आदि से भुगतान हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) यूपीआई का इंटरनेट-ऑफ-थिंग्स (आईओटी) तैयार संस्करण विकसित कर रहा है जो स्मार्ट उपकरणों, वेयरेबल आइटम, कनेक्टेड मोबिलिटी आदि के माध्यम से स्वचालित भुगतान की सुविधा प्रदान करेगा। घटनाक्रम से अवगत दो सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। इस अपग्रेड के साथ रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, कनेक्टेड कार और यहां तक कि स्मार्टवॉच जैसे स्मार्ट उपकरण खुद से यूपीआई भुगतान कर देंगे। फिलहाल उपयोगकर्ता मोबाइल फोन का उपयोग करके यूपीआई लेनदेन करते हैं। नए फीचर उपकरणों को एक अलग वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग करके भुगतान प्रोसेस करने की सुविधा मिलेगी और यह उपयोगकर्ता की प्राथमिक यूपीआई आईडी से जुड़ा होगा।

# 49 जर्जर स्कूल भवन बने खतरे की घंटी, बारिश में बढ़ा हादसे का खतरा

## पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से अटका डिस्मेंटल प्रस्ताव, बच्चों की जान पर बना खतरा

**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारतें अब गंभीर खतरे का कारण बनती जा रही हैं। प्रशासन द्वारा बच्चों को अन्य भवनों में शिफ्ट जरूर किया गया है, लेकिन कई विद्यालयों की इमारतें अब भी उपयोग में ली जा रही हैं या उनके आसपास बच्चों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

### 49 स्कूल भवन पढ़ाई के योग्य नहीं

शहडोल जिले में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा स्तर के 49 ऐसे विद्यालय हैं, जिनकी इमारतें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं और वे कक्षा संचालन के योग्य नहीं हैं। इन स्कूलों की कक्षाएं समीप के अन्य शासकीय या निजी भवनों में अस्थाई रूप से संचालित की जा रही हैं। भवनों के पुनर्निर्माण हेतु राज्य शिक्षा केंद्र और जिला खनिज मद से प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं, लेकिन प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है।

### डिस्मेंटल प्रस्ताव अटका, पीडब्ल्यूडी की अड़चन

इन स्कूल भवनों को गिराने (डिस्मेंटल) हेतु स्थल निरीक्षण कर जर्जर घोषित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पुराने निर्माण से जुड़ी




तकनीकी दस्तावेज जैसे प्राक्कलन, लैब रिपोर्ट आदि की मांग कर रहे हैं, जो अब शिक्षा विभाग के पास उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि ये भवन पहले अन्य विभाग के अधीन थे। परिणामस्वरूप भवनों को डिस्मेंटल की मंजूरी नहीं मिल रही है।

### सरदार पटेल स्कूल की हालत बेहद खराब

जिला मुख्यालय के सिंहपुर रोड स्थित सरदार पटेल स्कूल की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। लगभग 10 वर्ष पुराना यह भवन अब पूरी तरह से गिरने की स्थिति में पहुंच चुका है। यहां अध्ययनरत 62 बच्चों को परिसर में ही बने अन्य भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से प्रधानाचार्य का कार्यालय अब भी उसी जर्जर इमारत में संचालित हो रहा है। यह किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकता है।

### डीपीसी ने गिनाई तकनीकी दिक्कतें

जिला शिक्षा केंद्र के जिम्मेदारों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी को जर्जर भवनों का प्रस्ताव भेजा जा चुका है, लेकिन वे निर्माण से जुड़े पुराने दस्तावेजों की मांग कर रहे हैं। चूंकि इन भवनों का निर्माण उस समय किसी अन्य विभाग द्वारा किया गया था, अतः उनके पास अब ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी द्वारा डिस्मेंटल की अनुमति न मिलने से स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### बच्चों की सुरक्षा से न हो खिलवाड़

बारिश के मौसम में इन जर्जर इमारतों के आसपास भी बच्चों का रहना खतरे से खाली नहीं है। यदि समय रहते इन भवनों को गिराने की कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को चाहिए कि वह पीडब्ल्यूडी से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द इन भवनों को गिराने की प्रक्रिया प्रारंभ करे।

## न्यूज इन शॉर्ट



### पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन कर पानी को बनाया जा रहा सुरक्षित

शहडोल। जिले में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल स्रोतों का नियमित रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमले द्वारा क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा है। हैंडपंप, नलकूप, कुएं एवं टंकियों में निर्धारित मात्रा में क्लोरीन का प्रयोग कर पानी को संक्रमण मुक्त किया जा रहा है। क्लोरीनेशन के माध्यम से जल में मौजूद हानिकारक जीवाणु एवं सूक्ष्मजीव नष्ट कर दिए जाते हैं, जिससे पानी पीने योग्य हो जाता है और जलजनित बीमारियों जैसे हैजा, डायरिया, टाइफाइड आदि की रोकथाम होती है।

### पद्म पुरूस्कार हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

शहडोल। अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह ने जानकारी दी है कि पद्म पुरूस्कार हेतु बेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागारिक पुरस्कारों में से हैं। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्य को मान्यता देने का प्रयास करता है और कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए दिया जाता है। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।

### जिले में अब तक दर्ज की गई 393.7 मि.मी. औसत वर्षा

शहडोल। अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 07 जुलाई को जिले में कुल 17.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 29 मिमी., बुढ़ार में 9 मिमी., गोहपारू में 31 मि.मी., जैतपुर में 3 मिमी, चन्नौड़ी में 1 मिमी., ब्यौहारी में 28 मिमी, जयसिंहनगर में 21 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 421 मिमी., बुढ़ार में 254 मिमी., गोहपारू में 455 मि.मी., जैतपुर में 524 मिमी, चन्नौड़ी में 535 मिमी., ब्यौहारी में 307 मिमी, जयसिंहनगर में 260 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 393.7 मिमी. दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 188.6मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### स्थाई वारंटी गिरफ्तार

शहडोल। थाना सिंहपुर पुलिस द्वारा एक स्थाई वारंट की तामीली कर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राकेश शुक्ला पिता नन्द कुमार शुक्ला निवासी नर्गी पो. पड़मनिया खुर्द, थाना सिंहपुर, शहडोल को लंबे समय से न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी राकेश शुक्ला को अभिरक्षा में लिया जाकर नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### अवैध शराब जप्त

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई। जिसमें कुल 01 स्थान पर दबिश दी गई।

# जमीन दिलाने के नाम पर 1.10 लाख रुपए की ठगी

## फरियादी ने पुलिस थाने में की शिकायत, बैंक से निकालकर दिया था पैसा

**विजय मत, ब्योहारी।**

जालसाजी कर पैसा ठगने की शिकायत फरियादी प्रमोद हलबाई उर्फ रामसिया निवासी बस स्टैंड बार्ड क्र-09 व्योहारी ने क्षेत्र में तेजी से उभरे आदिवासी नेता मान सिंह पर जालसाजी करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है। प्रमोद हलबाई ने अपनी शिकायत में लिखा है कि मान सिंह कोल मुझे मिला और वार्ड क्र -02 ताम्रकार पेट्रोल पंप सामने स्थित आदिवासी की जमीन दिलाने की बात कही और कलेक्टर से परमीशन लेने के नाम पर मुझसे मान सिंह ने 1,10000, एक लाख दस हजार रुपए लिया और जमीन भी नहीं दिलाई।

जबकि जमीन दिखाने मुझे रीवा रोड में ताम्रकार पेट्रोल पंप के सामने आदिवासी बस्ती के पास मौके में ले गया था। मैं अपने परिचितों अनिल हलबाई मार्तण्ड गंज और देवनारायण पांडे बस स्टैंड के सामने मान सिंह को अपने सतपुड़ा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के




एकाउंट से एक लाख दस हजार रुपए निकाल कर नगद दिनांक 08/11/2024 को दिया । लेकिन पैसा लेने के बाद पैसा लौटाने और जमीन दिलाने को लेकर न नुकुर करने लगा।जबकि मान सिंह ने सब के सामने बोला था कि अगर तीन माह के अन्दर कलेक्टर से परमीशन करा तुम्हारे नाम रजिस्ट्री करा दूंगा। नहीं कराया तो तुम्हारा पूरा पैसा वापस दूंगा। मान सिंह कोल की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर उसे अपनी जमा पूंजी दे दिया। अब वो यहां से रफूचक्कर हो गया। चर्चाओं की मानें तो इस आदिवासी क्षेत्र में जबसे यहां की विधानसभा सीट आदिवासी हुई तबसे यहां आदिवासी नेताओं की होड़ सी लग गई। यहां कई आदिवासी पार्टीयां दल सक्रिय हैं। इन्ही दलों का नेता बन यहां काफी समय से राजनैतिक दलों के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता था। कहीं बाहरी जिले से आकर यहां क्षेत्रीय आदिवासी दल का नेता बन सरकारी संस्थाओं के आस पास रहकर अपना प्रभाव जमाता था। लोगों की मानें तो यहां और भी कुछ व्यापारियों से बड़ी रकम लेकर मान सिंह फरार हो गया। लोगों का कहना है कि फोन भी नहीं उठाते। ज्यादातर फोन बंद ही रहता है। इन्ही में से एक प्रमोद हलबाई उर्फ रामसिया पिता स्वर्गीय रामकृष्ण निवासी बस स्टैंड बार्ड क्र-09 ने थाने में लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

# श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले के प्रत्येक मंडलों में साधु संतों गुरुओं का होगा सम्मान

**विजय मत, शहडोल।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक माननीय हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देशानुसार श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साधु संतों गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाना है। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में 10 जुलाई दिन गुरुवार को श्री गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से शहडोल जिले के प्रत्येक मंडलों में साधु संतों गुरुओं का सम्मान किया जाएगा साथ ही शहडोल नगर के मोहन राम जानकी मंदिर घरौला नाथ हनुमान जी मंदिर एवं कल्याणपुर हनुमान मंदिर में साधु संतु गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही जिले व नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं अन्य जगहों में भी विभिन्न




क्षेत्रों के गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बताया कि इस वर्ष श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव 10 जुलाई दिन गुरुवार आषाढ़ पूर्णिमा को मनाया जा रहा है श्री गुरु पूर्णिमा एक ऐसा दिन है जब हमारे देश एवं संस्कृति में सभी क्षेत्र के गुरुओं का सम्मान किया जाता है उन्होंने बताया कि श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए समस्त तैयारियां की जा रही है । श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम की तैयारी और आयोजन की देखरेख हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने जिला स्तरीय टोली का गठन करते हुए कार्यक्रम संयोजक के रूप में श्री दौलत मनमानी एवं सहसंयोजक रवीकरण त्रिपाठी व पुष्पेंद्र पटेल को श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपीं गई है।

# कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश

**विजय मत, शहडोल।**

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियां को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम पंचायत चाका निवासी कमलेष गुप्ता ने कसेड नाला के पास पुलिया निर्माण, ग्राम खन्नौधी निवासी बालमुकुंद तिवारी ने गोहपारू राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियो के द्वारा अकारण परेषान न करने, बाणगंगा पेट्रोल पंप शहडोल निवासी संजना मिश्रा ने पेड़ की छटाई करने, उमरिया जिले के ग्राम देवगंवा निवासी लाला बैगा ने बेदखली के आदेष को निरस्त करने, ग्राम पंचायत उमरिया जिला शहडोल निवासी श्रीमती प्रभा शर्मा ने ग्राम मेढ़की में विद्युत पोल लगवाने हेतु आवेदन कमिश्नर को दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शहडोल। थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित आकर राजभान सिंह गोंड के उसके घर में जबरन प्रवेश कर उसके साथ दुष्कर्म करने की रिपोर्ट की। फरियादिया ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि घटना के समय वह घर पर अकेली थीए उसके पिता दुकान पर और माता जिला चिकित्सालय शहडोल में थीं। तभी आरोपी राजभान सिंह गोंड घर में घुस आया था। रिपोर्ट पर आरोपी राजभान सिंह गोंड निवासी ग्राम बहेरिया थाना पपौंध जिला शहडोल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64;1द्धए 332 ठ्छै के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

# समस्याएं व शिकायतों के निराकरण के निर्देश कलेक्टर ने दिए

**विजय मत, शहडोल।**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम कुदरी निवासी कुवरिया बैगा ने पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा दिलाने, ग्राम दियापीपर निवासी मो. अब्दुला ने विद्युत कनेक्शन राशि की रसीद दिलाने, शहडोल वार्ड नम्बर 28 निवासी राकेश चक्रधारी ने आधार अपडेट कराने, शहडोल वार्ड नंम्बर 18 निवासी फिरोज खान ने भगवती इंडिया मोटराइजर शो रूम से किये गए कार्यों का परिश्रमिक भुगतान कराने हेतु आवेदन कलेक्टर डॉ केदार सिंह को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।




**ग्राहकों की परेशानी**

## नियमित सफाई, मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्था के अभाव ने मंडी बना दलदल

# कीचड़ और अव्यवस्था में तब्दील बुढ़ार सब्जी मंडी

**विजय मत, शहडोल।**

जिले के नगर परिषद बुढार सब्जी मंडी बरसात के इन दिनों बदहाली का प्रतीक बन चुकी है। नियमित सफाई, मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्था के अभाव ने इस मंडी को दलदल में धकेल दिया है। यहां कारोबार करने वाले छोटे व्यापारी और खरीदारी के लिए आने वाले आम ग्रामीणजन दोनों ही बेहद परेशान हैं।

### बरसात ने मंडी को बनाया कीचड़ का गड्ढा

बारिश के चलते मंडी में कीचड़ और जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। संपूर्ण मंडी परिसर में फिसलन, गंदगी और पानी भरा रहता है, जिससे ग्राहकों का बाजार में प्रवेश करना तक मुश्किल हो गया है। वहीं, व्यापारी फटे टेंट या खुले आसमान के नीचे कारोबार करने को मजबूर हैं।

### ग्रामीणों को भी झेलनी पड़ रही है कठिनाई

यह मंडी सिर्फ बुढार शहर के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के गांव मझगवां, खैरहा, जमुना, पिपरिया, धनपुरी और कई अन्य ग्रामों के लिए भी मुख्य खरीद केंद्र है। ग्रामीणजन



सप्ताह भर की सब्जी और दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं यहीं से खरीदते हैं, लेकिन अब उन्हें इस कीचड़ और अव्यवस्था के बीच काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### व्यापार प्रभावित, सब्जी महंगी और बिक्री कम

सब्जी व्यापारियों का कहना है कि भारी कीचड़ और अव्यवस्था के कारण ग्राहक मंडी में आना ही नहीं चाहते। इससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि सब्जी की आवक भी कम हो गई है। व्यापारी महंगे दामों पर माल खरीद रहे हैं, लेकिन ग्राहकों की कमी से बिक्री नहीं हो रही, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### मनमानी पार्किंग और अतिक्रमण बनी मुसीबत

बाजार में चार पहिया वाहनों की मनमानी पार्किंग ने स्थिति और जटिल कर दी है। कई दुकानदार बाजार के अंदर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे अन्य दुकानदारों को दुकान लगाने में दिक्कत आती है। साथ ही, कई व्यवसायियों ने तय स्थान से बाहर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे पैदल चलने वालों और ग्राहकों को बाजार में चलना मुश्किल हो गया है।

### जर्जर चबूतरे और प्रकाश व्यवस्था नदारद

मंडी में बनाए गए चबूतरे अब पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं, जिनकी मरम्मत की ओर स्थानीय प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया है। वहीं शाम होते ही मंडी में अंधेरा छा जाता है, क्योंकि प्रकाश व्यवस्था का कोई ठोस इंतजाम नहीं है। इससे न सिर्फ चोरी या झगड़े की आशंका बढ़ जाती है, बल्कि महिलाओं और बुजुर्गों को खासा खतरा भी होता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
(*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com